हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 21 नवंबर 2024 | अंक 39 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

6.5 प्रतिशत रह सकती है भारत की वृद्धि दर

> पिछले वर्ष की तुलना में सुधार होने का अनुमान

नई दिल्ली.

घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को अनुमान जताया कि भारी बारिश और तिमाही नतीजों में कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन के कारण सितंबर तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि, एजेंसी ने वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद के चलते वित्त वर्ष 2025 के लिए विकास दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इक्रा की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब शहरी मांग में कमी जैसे अनेक कारकों से विकास में मंदी की चिंता जाहिर की जा रही है।

आरबीआई चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है। हालांकि, अधिकांश विश्लेषकों का अनुमान है कि वृद्ध दर 7 प्रतिशत से कम रह सकती है। पिछले कुछ सप्ताहों में कई विश्लेषकों ने वृद्धि दर के अनुमान को कम करने की बात कही है। दूसरी तिमाही की आर्थिक गतिविधि के आधिकारिक आंकड़े 30 नवंबर को

प्रकाशित होने की उम्मीद है। पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी।

दूसरी तिमाही में वृद्धि दर में गिरावट भारी बारिश और कमजोर कॉर्पोरेट मार्जिन जैसे कारकों के कारण होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, "सरकारी खर्च और खरीफ की बुवाई में सकारात्मक रुझान देखने को मिला है, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र, विशेषकर खनन और बिजली क्षेत्र में मंदी आने की आशंका है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार होने का अनुमान है, जिससे पूरे वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, "वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में संसदीय चुनावों के बाद पूंजीगत व्यय में वृद्धि के साथ-साथ प्रमुख खरीफ फसलों की बुवाई में भी अच्छी वृद्धि दिखी। भारी वर्षा के कारण कई क्षेत्रों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जिससे खनन गतिविधि, बिजली की मांग और खुदरा ग्राहकों की संख्या प्रभावित हुई और व्यापारिक निर्यात में भी कमी आई। उन्होंने कहा कि अच्छे मानसून का लाभ आगे मिलेगा, और खरीफ उत्पादन में वृद्धि व जलाशयों के पुनः भरने से ग्रामीण भावना में निरंतर सुधार होने की संभावना है। नायर ने कहा कि भारत सरकार के पूंजीगत व्यय के लिए पर्याप्त गुंजाइश है, जिसे पूरे वर्ष के बजट अनुमान को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में वर्ष दर वर्ष आधार पर 52 प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है।

धीमे क्रियान्वयन के कारण सुस्ती आई

एजेंसी के अनुसार मानसून में अतिरिक्त बारिश के कारण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के धीमे क्रियान्वयन के कारण सुस्ती आई। हालांकि, दूसरी तिमाही में निवेश गतिविधि पहली तिमाही की तुलना में बेहतर रही। एजेंसी ने कहा कि दूसरी तिमाही में नई परियोजनाओं से जुड़ी घोषणाओं में 6.7 लाख करोड़ रुपये की अच्छी वृद्धि देखी गई।नायर ने कहा, "हम निजी उपभोग पर व्यक्तिगत ऋण वृद्धि में मंदी के प्रभाव के साथ-साथ कमोडिटी की कीमतों और बाहरी मांग पर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रभाव पर भी नजर रख रहे हैं।

बिटकॉइन ने फिर लगाई दहाड़

नई दिल्ली. दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टकरेंसी बिटकॉइन की कीमतें नए लेवल पर पर पहुंच गई हैं. कॉइन डेस्क के आंकड़ों के अनुसार बिटकॉइन कारोबारी सत्र के दौरान 94,038.97 डॉलर के साथ रिकॉर्ड लेवल पर दिखाई दीं. वैसे मौजूदा समय में बिटकॉइन की कीमतें 92 हजार डॉलर पर कारोबार कर रही हैं. वैसे बीते एक हफ्ते में बिटकॉइन की कीमतें करीब 2 फीसदी उछली हैं. जबकि एक महीने में बिटकॉइन ने निवेशकों को 33 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है. 3 महीने में बिटकॉइन के दाम 56 फीसदी से ज्यादा उछल चुके हैं. जबकि एक साल में बिटकॉइन ने निवेशकों को 146 फीसदी का रिटर्न दिया है. मौजूदा समय में बिटकॉइन का मार्केट कैप 1.82 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है.वहीं दूसरी ओर एलन मस्क की फेवरेट क्रिप्टोकरेंसी डॉगेकॉइन की कीमत में इजाफा देखने को मिल रहा है.

कॉइन डेस्क के आंकड़ों के अनुसार डॉगेकॉइन की कीमत में 1.30 फीसदी का इजाफा देखने को मिल रहा है और दाम 0.3825779 डॉलर हो गए हैं. डॉगेकॉइन ने निवेशकों को ट्रंप की जीत के बाद जबरदस्त रिटर्न दिया है. कॉइन डेस्क के डाटा के अनुसार डॉगेकॉइन ने निवेशकों को 175 फीसदी का रिटर्न दिया है. जबकि बीते एक साल में निवेशकों को 400 फीसदी से ज्यादा की कमाई हुई है. जबकि तीन महीने में डॉगेकॉइन ने निवेशकों को 271 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है. जानकारों की मानें तो डॉगेकॉइन की कीमत में आने वाले दिनों में और भी इजाफा देखने को मिल सकता है.

वहीं दूसरी ओर ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट 3 ट्रिलियन डॉलर के पार चला गया है.

क्या टैक्स से भरेगा देश का खजाना

नई दिल्ली.

अगर सीबीडीटी की भविष्यवाणी सही साबित हुई तो डायरेक्ट टैक्स से ही सरकार का खजाना भर सकता है. सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2024-25) में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 22.07 लाख करोड़ रुपए के लक्ष्य से अधिक रहने की उम्मीद है. अग्रवाल ने यह भी कहा कि जिन टैक्सपेयर्स ने अपने आयकर रिटर्न में विदेशी आय या संपत्ति का खुलासा नहीं किया है, उनके पास वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपना रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करने को लेकर 31 दिसंबर तक का समय है. टैक्स डिपार्टमेंट उन टैक्सपेयर्स को एसएमएस और ई-मेल भेज रहा है, जिन्होंने हाई वैल्यू वाले असेट्स का खुलासा नहीं किया है. हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने टैक्सपेयर्स को इस प्रकार के एसएमएस और ई-मेल

भेजे गये हैं.

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में टैक्सपेयर लाउंज का उद्घाटन करते हुए अग्रवाल ने यह भी कहा कि इनकम टैक्स कानून की समीक्षा के लिए भाषा को सरल और समझने में आसान बनाने को लेकर आयकर कानून की समीक्षा के संदर्भ में 6,000 से अधिक सुझाव आए हैं. अग्रवाल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम टैक्स कलेक्शन के बजट टारगेट को पार कर जाएंगे. कंपनी और पर्सनल टैक्स समेत अन्य टैक्स कलेक्शन बढ़ा है.

सीबीडीटी के टैक्स कलेक्शन के ताजा आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 10 नवंबर तक नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 15.41 प्रतिशत बढ़कर 12.11 लाख करोड़ रुपये रहा है. इसमें 5.10 लाख करोड़ रुपये का नेट कंपनी टैक्स और 6.62 लाख रुपये नॉन -कंपनी टैक्स शामिल है. नॉन-कंपनी टैक्स में व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों आदि द्वारा भुगतान किया गया कर शामिल है. इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) मद में 35,923 करोड़ रुपये प्राप्त हुए. सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए डायेक्टर टैक्स से 22.07 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है.

इसमें कंपनी टैक्स से 10.20 लाख करोड़ रुपये और पर्सनल इनकम टैक्स और दूसरे टैक्स से 11.87 लाख करोड़ रुपए प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है.

एचडीएफसी बैंक को अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक' चुना गया

मुंबई.

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) द्वारा आयोजित ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2024 में 'भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा प्रकाशित - एक प्रमुख वैश्विक व्यावसायिक प्रकाशन - प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) निजी बैंकों और उनके संचालन वाले क्षेत्रीय वित्तीय केंद्रों की विकास रणनीतियों का विश्लेषण करने में माहिर है। ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स ने खुद को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित निजी बैंकिंग पुरस्कारों के रूप में मजबूती से स्थापित किया है.और अब अपने सोलहवें वर्ष में हैं। पीडब्लूएम ने अपनी वेबसाइट पर कहा, "भारत के सबसे बड़े निजी स्वामित्व वाले बैंक का हिस्सा एचडीएफसी प्राइवेट बैंकिंग ऐसे देश में गति बना रहा है जहां संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड - इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, प्राइवेट बैंकिंग, इंटरनेशनल बैंकिंग, डिजिटल इकोसिस्टम और बैंकिंग एज ए सर्विस (बीएएएस) श्री राकेश के सिंह के अनुसार, संपत्ति में इस तेज उछाल को बनाए रखने के लिए एक "हब-एंड-स्पोक" बिजनेस मॉडल का निर्माण करना और साथ ही बैंक के कर्मचारियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करना महत्वपूर्ण है।

राकेश के सिंह ने कहा, "हमें प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) से यह पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस हो रहा है। यह पुरस्कार ग्राहकों की सेवा के लिए हमारी टीम के समर्पण और लगभग तीन दशकों से एचडीएफसी बैंक पर उनके भरोसे का प्रमाण है। एचडीएफसी बैंक ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर देता है और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, हम एक फिजिटल दृष्टिकोण पर केंद्रित हैं। हमारे वेल्थ मैनेजर भारत भर में 923 स्थानों पर ग्राहकों की सेवा करते हैं।यह व्यवसाय 83,000 से अधिक हाउसहोल्डस का प्रबंधन करता है।

वायाकॉम 18 के चार नए 'फास्ट' चैनल लॉन्च करने की घोषणा

गुरुग्राम.

सैमसंग टीवी प्लस, भारत में ब्रैंड की फ्री एड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी (फास्टै) सर्विस, ने चार नये फास्ट चैनल्स, लॉन्च करने के लिए वायाकॉम 18 के साथ साझेदारी की है। सैमसंग टीवी प्लॉस पर वायाकॉम 18 के सुपरहिट बीट्स, कानफोड़ म्यूसजिक, फुल्लीक फालतू और कलर्स इंफिनिटी लाइट चैनलों को लॉन्चम किया जाएगा। सैमसंग टीवी प्ल स एक मुफ्त स्ट्रीचमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्माकर्ट टीवी में पहले से इंस्टॉ ल है। यह चुनिंदा देशों में चैनलों न्यूज़, स्पोर्ट्स, एंटरटेनमेंट, आदि विभिन्न चैनलों की पेशकश करता है। भारत में, सैमसंग टीवी प्लस दर्शकों के लिये 100 से ज्यादा लाइव टीवी चैनलों, हजारों फिल्मों तथा शोज भी लेकर आया है। यह लाइव और ऑन-डिमांड, दोनों होते हैं। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया में पार्टनरशिप्सर के हेड कुणाल मेहता ने कहा, ''हम सैमसंग टीवी प्लस प्लेटफॉर्म पर पार्टनर के तौर पर वायाकॉम 18 का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। हम भारत में अपने दर्शकों के लिये

विभिन्न तरह के कंटेन्ट के विकल्प लाने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जो उनकी पसंद और कंटेंट देखने की आदत से मेल खाते हैं। इन नए चैनलों की मदद से, सैमसंग टीवी प्लस पर न केवल मनोरंजन के विकल्प बढ़ेंगे बल्कि इससे अपने दर्शकों को शानदार वैरायटी और वैल्यूट प्रदान करने के लिये हमारा समर्पण दिखेगा।

वायाकॉम18 का जबर्दस्ती कंटेन्ट दर्शकों का मनोरंजन का एक बेजोड़ अनुभव देगा। सुपरहिट बीट्स संगीत के शौकीनों का सबसे बढ़िया ठिकाना बनेगा, जहां पर नये-नये हिट्स और सदाबहार नगमे सुन सकते हैं। कानफोड़ म्यूसजिक संगीत के धमाकेदार संगम की पेशकश करेगा, जो तरह-तरह के दर्शकों को पसंद आएगा। फुल्लीस फालतू अपने अलग और ताजगी से भरपूर कंटेन्ट से युवाओं को लुभाना चाहता है, जबकि कलर्स इनफिनिटी लाइट अंग्रेजी में शानदार मनोरंजन लेकर आएगा और इसमें टॉप इंटरनेशनल शोज़ तथा फिल्में होंगी। वायाकॉम 18 में यूथ, म्यूजिक और इंग्लिश एंटरटेनमेंट क्लब कस्टमर के बिजनेस हेड अंशुल ऐलावाडी ने कहा, ''सैमसंग टीवी प्लस के साथ यह गठबंधन वायाकॉम 18 की एक साहसिक पहल है, जिससे हम नए तरीके से लोगों का मनोरंजन करने में सक्षम होंगे। यह दर्शकों को वाइब्रैंट एवं प्रीमियम कंटेंट प्रदान करेगा। हम दर्शकों को शानदार अनुभव देने पर फोकस कर रहे हैं, ताकि उन्हें सबसे सुविधाजनक ढंग से हमारी सेवाएं मिल सकें।

टाटा की कंपनी दे रही बिजनेस करने का मौका

नई दिल्ली.

देश की सबसे बड़ी कंपनी के साथ मिलकर आप भी कर सकते हैं बिजनेस. अगर आप अपना खुद का कोई बिजनेस शुरू करना चाहते हैं और किसी पार्टनर की तलाश कर रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए ही है.

भारत के सबसे भरोसेमंद कारोबारी टाटा ग्रुप के साथ बिजनेस करने का साथ सुनहरा मौका है. टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा के साथ जुड़कर आप खुद का बिजनेस करने का सपना पूरा कर सकते हैं और साथ ही बिजनेस पार्टनर बन लाखों की कमाई भी कर सकते हैं, आइए जानते हैं क्या है कंपनी का ऑफर और कैसे इसके साथ जुड़कर बिजनेस कर सकते हैं. टाटा ग्रुप की कंपनी हेल्थ सेक्टर में काम करती है. यह कंपनी जो लोग अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, किसी बड़े ब्रांड के साथ अपने व्यवसायी जीवन की शुरुआत करना चाहते हैं.

उन सभी को एक बेहतर प्लेटफॉर्म देती है. कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, टाटा 1एमजी के साथ 4 तरीके से जुड़कर बिजनेस किया जा सकता है. पहला तरीका कंपनी के वेलनेस प्लान के साथ जुड़ना है. दूसरा तरीका स्टैटेजिक पार्टनरशिप का है. वहीं, तीसरा तरीका कंपनी का हेल्थ पार्टनर बनने का है, जिसके जरिए आम आदमी भी कंपनी के साथ जुड़कर अपना खुद का बिजनेस करने के सपने को पूरा कर सकते है. इसके अलावा चौथा तरीका कलेक्शन सेंटर खोलकर कंपनी के साथ बिजनेस करने का है.

इसमें भी आम लोग कंपनी के साथ सीधे जुड़ अच्छी कमाई कर सकते हैं. कंपनी से जुड़ने का पहला तरीका कंपनी वेबसाइट है. अगर आप कंपनी के साथ बतौर हेल्थ पार्टनर जुड़ना चाहते हैं, तो उसके लिए सबसे पहले कंपनी की बेवसाइट पर एक फॉर्म भरना होगा. इसके बाद कंपनी खुद आपसे संपर्क करेगी और आप 15 हजार रुपये की सब्सक्रिप्शन फीस के साथ जुड़ जाएंगे.

सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

मुंबई. जिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ("कंपनी") की एक सहायक कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड ("एवीटीएल") ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड 30 जून, 2024 तक भंडारण क्षमता के मामले में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस ("एलपीजी") और तरल उत्पादों के लिए टैंक स्टोरेज टर्मिनलों का सबसे बड़ा भारतीय थर्ड-पार्टी मालिक और संचालक है। (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) आईपीओ में एवीटीएल ("इक्विटी शेयर") के ₹10 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है,



हर सेक्टर में महिलाएं मार रही हैं बाजी

> सरकारी आंकड़ों में हुआ खुलासा

नई दिल्ली.

देश की महिलाएं अब हर क्षेत्र में बाजी मार रही हैं. इसका खुलासा केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय की हाल ही में जारी हुई एक रिपोर्ट में हुआ है. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर नौकरी के अवसर पा रही हैं. इसमें निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्र शामिल हैं. केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय की ये रिपोर्ट बीते 6 साल के डेटा पर आधारित है, जिसमें अलग-अलग सेक्टर में महिला कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है. यहां हम इस रिपोर्ट में जो आंकड़े दिए गए हैं, उनके बारे में विस्तार से बता रहे हैं.

केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट में बताया गया है कि, ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का वर्क फोर्स बीते 6 साल में बढ़ा है. इसके पीछे सबसे बड़ा वजह ये है कि गांव की इकोनॉमी एक्टिविटी में महिलाओं का ज्यादा योगदान होता है. फिर चाहे खेती-बाड़ी के काम हो या फिर पशुओं के दूध का कारोबार. गांव में ये सभी काम ज्यादातर महिलाएं ही करती हैं. हवाई

जहाज से लेकर बस-कार तक महिलाएं चला रही हैं. देश के विकास में इनकी भागीदारी काबिले तारीफ है. सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में महिला श्रम बल भागीदारी दर 23 प्रतिशत बढ़ी है, जो 2017-18 में 24.6 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 47.6 प्रतिशत हो गई है. इसका सीधा मतलब है कि ग्रामीण उत्पादन में महिलाएं अधिक योगदान दे रही हैं.

बेरोजगारी दर में आई गिरावट

देश की महिलाएं आत्मनिर्भर होना शुरू हो गई हैं, जिस वजह से 2017-18 के मुकाबले बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है. वहीं महिला श्रम बल भागीदारी 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 41.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है. महिला श्रमिक जनसंख्या अनुपात 22 प्रतिशत से बढ़कर 40.3 प्रतिशत हो गया है. 2017-18 में 34.5 प्रतिशत महिलाएं पोस्ट ग्रेजुएट थी. जो 2023-24 में 39.6 प्रतिशत हो गई हैं. ठीक इसी तरीके से हायर सेकेंडरी पास आउट में 12.5 प्रतिशत और प्राथमिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं की संख्या में 25.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है.

अडानी समूह देगा जियो वर्ल्ड सेंटर को टक्कर

नई दिल्ली.

देश के दूसरे सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अडानी के स्वामित्व वाली अडानी समूह आर्थिक राजधानी मुंबई में सबसे बड़ा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनाने जा रही है जिसपर 2 बिलियन डॉलर यानि करीब 17000 करोड़ रुपये की लागत आने की उम्मीद है. अडानी समूह के इस कन्वेंशन सेंटर बनने के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित रिलायंस जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर को सीधी चुनौती मिलने वाली है. अडानी समूह ने मुंबई के इंटरनेशनल

एयरपोर्ट के पास कन्वेंशन सेंटर बनाने का फैसला किया है जिसके डिजाइन को मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने मंजूरी दे दी है. रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रोजेक्ट के डिटेल्ड ब्लूप्रिंट को अगले दो महीने में मंजूरी मिल जाएगी.

अडानी समूह के इस कन्वेंशनसेंटर में 275 कमरों वाला फाइव-स्टार होटल का भी निर्माण किया जाएगा. इस कन्वेंशन सेंटर के हब को विले पार्ले के वेस्टर्न सबर्ब के पास तैयार किया जाएगा. अडानी समूह का ये कन्वेंशन सेंटर 1.5 मिलियन वर्ग फुट में तैयार किया जाएगा जिसमें 15000 से 20000 लोगों के बैठने की सुविधा होगी. जबकि इसके मुकाबले जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर 1 मिलियन वर्ग फुट में तैयार किया गया है. अडानी कन्वेंशन सेंटर में 1.2 मिलियन वर्ग फुट का इंडोर एरिया होगा जिसमें 0.3 मिलियन वर्ग फुट में गाड़ियों की पार्किंग और दूसरे काsमों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा. अडानी समूह के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स का मालिकाना हक अडानी रिएल्टी के पास है लेकिन इस कंवेंशन सेंटर का मालिकाना हक अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के पास रहेगा.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, गुरुवार, 21 नवंबर 2024 अंक 39/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

शाम 5 बजे तक हुआ मतदान

अहमदनगर	61.95%
अकोला	56.16%
अमरावती	58.48%
औरंगाबाद	60.83%
बीड	60.62%
भंडारा	65.88%
बुलढाणा	62.84%
चंद्रपुर	64.48%
धुले	59.75%
गढ़चिरौली	69.63%
गोंदिया	65.09%
हिंगोली	61.18%
जलगांव	54.69%
जालना	64.17%
कोल्हापुर	67.97%
लातूर	61.43%
मुंबई शहर	49.07%
मुंबई उपनगर	51.76%
नागपुर	56.06%
नांदेड़	55.88%
नंदुरबार	63.72%
नासिक	59.85%
उस्मानाबाद	58.59%
पालघर	59.31%
परभणी	62.73%
पुणे	54.09%
रायगढ़	61.01%
रत्नागिरी	60.35%
सांगली	63.28%
सातारा	64.16%
सिंधुदुर्ग	62.06%
सोलापुर	57.09%
ठाणे	49.76%
वर्धा	63.50%
वाशिम	57.42%
यवतमाल	61.22%

दो प्रमुख गठबंधन आमने-सामने

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी आमने-सामने है। महायुति में भारतीय जनता पार्टी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। महायुति में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की भारतीय रिपब्लिकन पार्टी (आठवले) के साथ कुछ छोटी पार्टियां भी शामिल है। वहीं विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल है। इसके अवाला समाजवादी पार्टी कुछ अन्य दल भी महाविकास अघाड़ी में शामिल है।

एग्जिट पोल में कांटे की टक्कर

	एनडीए	एमवीए	अन्य
दैनिक भास्कर	125 -140	135 -150	20 -25
एलेक्ट्रोल एज	118	150	20
लोकशाही मराठी रूद्र	128 -142	125 -140	18 -23
मैट्रीज़	150 -170	110 -130	8-10
पी मार्क	137 -157	126 -146	2-8
पीपल पल्स	175 -195	85 -112	7-2
पोल डायरी	122 -186	67 -121	10 -27
टाइम्स नाऊ	150 -167	107 -125	13 -14

बीड में बड़ा हंगामा, 3 मतदान केंद्रों पर तोड़फोड़

मतदान के बीच बीड जिले के परली निर्वाचन क्षेत्र में भारी हंगामा देखने को मिला। परली में कई पोलिंग बूथों पर तोड़फोड़ के मामले सामने आये। बताया जा रहा है कि परली में मतदान केंद्र में तोड़फोड़ के अलावा इस विधानसभा क्षेत्र में शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) के एक स्थानीय नेता पर हमला किया गया। घाटनंदूर में तीन मतदान केंद्रों पर ईवीएम समेत अन्य वोटिंग मशीनों में तोड़फोड़ की गई। इसलिए कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया रोक दी गई।

महाराष्ट्र में शाम 5 बजे तक 58.22% मतदान

नक्सल प्रभावित गढ़चिरोली रहा सबसे आगे

मुंबई शहर में सबसे कम वोटिंग

संपन्न हो गया. महाराष्ट्र में एक ही चरण में मतदान हुआ. राज्य में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे समाप्त हुआ. शाम 5 बजे तक महाराष्ट्र में 58.22 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें नक्सल प्रभावित गढ़चिरोली जिला सबसे आगे है। गढ़चिरोली में शाम पांच तक 69.63 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं सबसे कम वोटिंग मुंबई शहर में हुई है। यहां केवल 49.07 फीसदी मतदान ही हुआ है। महाराष्ट्र सीएम और कोपरी-पचपखड़ी विधानसभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार एकनाथ शिंदे अपने पूरे परिवार के साथ वोट डालने पहुंचे।

मुंबई.

मतदान के बाद शिंदे ने परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, राकांपा-एसपी के प्रमुख शरद पवार मतदान करने बारामती के एक मतदान केंद्र पर पहुंचे। यहां उन्होंने मतदान में हिस्सा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, मनसे) प्रमुख राज ठाकरे, अमित ठाकरे, संजय राउत, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी, मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से उम्मीदवार नवाब मलिक, बारामती सीट पर राकांपा-शरद पवार की सांसद सुप्रिया सुले, युगेंद्र पवार, राकांपा उम्मीदवार अजित पवार और शिवसेना-यूबीटी के उम्मीदवार आदित्य ठाकरे ने भी वोट डाला। इसके आलावा रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, उद्योगपति मुकेश अंबानी के साथ ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर और बेटी सारा तेंदुलकर के साथ मतदान किया। महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव में फिल्मी सितारे भी मतदान करने पहुंचे। गीतकार जावेद अख्तर, अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, सलमान खान, शाहरुख खान,गौरी खान, अक्षयकुमार, डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, गायक राहुल वैद्य और उनकी पत्नी दिशा परमार, गायक शंकर महादेवन, निर्देशक रोहित शेट्टी, ट्विंकल खन्ना, अर्जुन कपूर, ईशा कोप्पिकर, रणबीर कपूर, अनन्या पांडेय, ने मतदान किया। जबकि रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए लातूर के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। अधिकारियों ने बताया कि 9.7 करोड़ से अधिक मतदाता मैदान में मौजूद 4,136 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर रहे हैं। महायुति गठबंधन में शामिल भाजपा 149 सीट पर, शिवसेना 81 सीट पर और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा 59 सीट पर चुनाव लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन एमवीए में शामिल कांग्रेस ने 101 उम्मीदवार, शिवसेना (उबाठा) ने 95 और राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने 86 उम्मीदवार उतारे हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) समेत छोटी पार्टियां भी चुनाव मैदान में हैं। राज्य विधानमंडल के 288 सदस्यीय निचले सदन के लिए हो रहे चुनाव में बसपा ने 237 उम्मीदवार और एआईएमआईएम ने 17 उम्मीदवार उतारे हैं।

खबरें! एक नजर में!!

जॉर्ज टाउन में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गुयाना पहुंचे. वे 56 वर्षों में गुयाना का दौरा करने वाले पहले भारतीय पीएम हैं. प्रोटोकॉल का पालन ना करते हुए गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली और एक दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया. इस दौरान पीएम मोदी जॉर्जटाउन में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया.

फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

नई दिल्ली। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की. इस बातचीत में कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने और भारत-चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पिछले पांच वर्षों से बंद कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि फिर से शुरु हो सकती है। बातचीत के बाद भारत-चीन के बीच यात्रा शुरू होने की संभावनाएं बढ़ी हैं।

जयपुर-देहरादून फ्लाइट का इंजन फेल

नई दिल्ली। जयपुर-देहरादून इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट का एक इंजन 18 हजार फीट पर फेल हो गया. फ्लाइट में 70 यात्री सवार थे. विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई. ख़राब इंजन के कारण विमान लगभग 30 मिनट तक हवा में रहा. एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक इंडिगो एयरलाइंसकी फ्लाइट मंगलवार शाम 5:55 बजे जयपुर एयरपोर्ट से देहरादून के लिए उड़ान भरने वाली थी.

इसरो बनाएगा दो स्पेस स्टेशन

चीन-नासा सबको पीछे छोड़ देगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो एक नहीं दो स्पेस स्टेशन बनाएगा. इनमें एक धरती का चक्कर लगाएगा तो दूसरा चंद्रमा की परिक्रमा कर उसके रहस्य खंगालेगा. धरती की ऑर्बिट में चक्कर लगाने वाला स्पेस स्टेशन आईएसएस और चीन के तियागोंग स्पेस स्टेशन के बाद दुनिया का तीसरा स्पेस स्टेशन होगा और भारत अकेले ये कारनामा करने वाला विश्व का दूसरा देश बन जाएगा, जबकि मून स्पेस स्टेशन बनाने वाला भारत पहला देश होगा. चंद्रयान-3 को चांद के साउथ पोल पर उतारकर इतिहास रचने वाला भारत स्पेस रिसर्च में सभी को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है. हाल ही अपनी स्वदेशी हबल को विकसित कर

नासा और यूरोपियन स्पेस एजेंसी को चुनौती देने वाले भारत ने अब अपने स्पेस स्टेशन पर काम शुरू कर दिया है. यह मिशन खास इसलिए भी है, क्योंकि 2030 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को डिस्ट्रॉय कर दिया जाएगा, ऐसे में भारत का स्पेस स्टेशन स्पेस रिसर्च में बड़ी भूमिका निभा सकता है. इसके अलावा भारत 2040 तक मून स्पेस स्टेशन बनाने की तैयारी में भी है. मून स्पेस स्टेशन से पहले इसरो चंद्रयान-4 मिशन भी लांच करेगा, इसके लिए 2028 की समय सीमा तय की गई है, इस मिशन में भारत के स्पेस यान को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर वहां से नमूने लेकर वापस लौटना है.

इसके बाद भारत चांद पर पहला मानव मिशन भी लांच करने की योजना बना रहा है. अभी जो रिपोर्टें सामने आई हैं, उसके मुताबिक भारत का पहला मानव चंद्र मिशन और चंद्र स्पेस स्टेशन लगभग एक ही समय लांच किया जाएगा, इसके लिए 2040 तक की समय सीमा निर्धारित की गई है.

वोटिंग के बीच दलित लड़की की हत्या

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के करहल में विधानसभा उपचुनाव 2024 के लिए वोटिंग के बीच एक दलित लड़की की हत्या ने सनसनी फैला दी है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि सपा समर्थकों ने भाजपा को वोट देने से मना किया। न मानने पर उनकी बेटी की हत्या कर दी। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। भाजपा ने सपा पर तीखा हमला बोला है।

बालासोर में ब्राउन शुगर माफिया का पर्दाफाश

बालासोर। ओडिशा के बालासोर जिले के जलेश्वर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कुख्यात ब्राउन शुगर तस्कर रुकसाना बीबी उर्फ 'स्कूटी दीदी' को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह गिरफ्तारी शेख बागड़ बस्ती में मिली गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी के दौरान की गई। पुलिस ने रुकसाना के पास से 55.26 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी कीमत कीमत लगभग 5.50 लाख रुपये है।

झारखंड में 67.59 प्रतिशत मतदान

38 सीटों पर डाले गए वोट

नई दिल्ली। झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 38 सीटों पर वोटिंग समाप्त हो गई। पहले चरण के लिए 13 नवंबर को वोटिंग हुई थी और दूसरे चरण के लिए बुधवार को मतदान किया गया था। दूसरे चरण में झारखंड में शाम पांच बजे तक 67.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। विधानसभा चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को घोषित होंगे। बता दें कि झारखंड में किसी भी गठबंधन को सरकार बनाने के लिए 41 सीटों की आवश्यकता होगी। झारखंड चुनाव में जेएमएम, आरजेडी, कांग्रेस और माले का महागठबंधन

और बीजेपी, जेडीयू और आजसू का एनडीए गठबंधन आमने-सामने है। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एक्जिट पोल सामने आ गए है। आईएएनएस-मैट्रिज के ओपनियन पोल के अनुसार झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बन सकती है। झारखंड में आईएएनएस- मैट्रिज ने एनडीए को 45-50 सीटें दी हैं। वहीं लोक पोल के अनुसार झारखंड में इंडिया गठबंधन की दोबारा सरकार बन सकती है।

लोक पोल ने इंडिया गंठबंधन को 41-44 सीटें दी है। पीपुल प्लस के एग्जिट पोल में झारखंड में एनडीए की सरकार बन रही है। पीपुल प्लस ने एनडीए को 44-53 सीटें दी है। वहीं इंडिया गठबंधन को 25-37 सीटों का अनुमान लगाया गया है। मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुसार झारखंड में इंडिया गठबंधन को 25 से 30 सीटें मिल सकती है जबकि एनडीए गठबंधन को 42 से 47 सीटें मिल सकती है। वहीं अन्य को एक से 4 सीटें मिल सकती है। वहीं चाणक्य स्ट्रैटेजीज के एग्जिट पोल में इंडिया गठबंधन को 35 से 38, एनडीए को 45 से 50 और अन्य को 3 से पांच सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। एक्सिस माय इंडिया ने 81 सीटों में से 72 का एग्जिट पोल जारी किया है। इसके अनुसार एनडीए को 22 सीटें और इंडिया गठबंधन को 48 सीटें मिल सकती हैं।

वोटिंग को लेकर हेमंत सोरेन ने किया पोस्ट

झारखंड में दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर जनता का आभार जताया है। उन्होंने लिखा कि शानदार! झारखंड की पावन धरती पर लोकतंत्र का यह महापर्व अद्भुत रहा। दोनों चरणों में राज्य की जनता ने अपनी आकांक्षाओं और आशाओं को मतदान के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि एक नए, समृद्ध और सशक्त झारखण्ड के निर्माण का संकल्प है।

दिव्यांग बच्चों के लिए होगी ई-पाठ्य सामग्री तैयार

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि एनसीईआरटी ने दिव्यांग बच्चों के लिए ई-सामग्री तैयार करने के सिलसिले में दिशानिर्देश जारी किये गए हैं, जो स्कूली शिक्षा के लिए लागू होंगे। सरकार ने कहा कि एनसीईआरटी ने 2022-2023 के दौरान कुछ राज्यों में शिक्षकों और अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है, जो जावेद आबिदी फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रही है।

याचिका में दिव्यांग छात्रों की ऑनलाइन कक्षाओं में अन्य छात्रों के समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। यह मामला मंगलवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार द्वारा दाखिल हलफनामे का हवाला दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता संचिता ऐन ने एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आठ नवंबर को दिये गए फैसले का हवाला दिया। उस फैसले में कोर्ट ने केंद्र को तीन महीने के भीतर दिव्यांगों के लिए सुविधाएं लागू करने का निर्देश दिया था।

एनसीईआरटी की गाइडलाइन जारी

उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री से कहा कि वह फाउंडेशन द्वारा दायर याचिका को उस याचिका के साथ लिस्टेड करे, जिस पर फैसला सुनाया गया था। हलफनामे में कहा गया है, एनसीईआरटी ने दिव्यांग बच्चों के लिए ई-टेक्स्ट कंटेट तैयार करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो स्कूली शिक्षा के लिए लागू होंगे।

सुविचार

जिंदगी में कठिनाइयां हमें बर्बाद करने नहीं,
बल्कि हमें मजबूत बनाने के लिए आती हैं।

संपादकीय

पर्यटन में कुछ नया सोचें तो हमारे लिए बेहतर संभावनाएं हैं

❍ तिरुपति या वैष्णो देवी हमेशा तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों को आकर्षित करते रहेंगे, क्योंकि इन स्थानों से आस्था जुड़ी है। लेकिन गोवा जैसे पर्यटन-स्थल की बात अलग है। 1990 के दशक में, गोवा का एकाधिकार था। यह एकमात्र ऐसा स्थान था, जहां भारत के लोग समुद्र तटों, सस्ती शराब और अपेक्षाकृत किफायती दरों पर पार्टियों का आनंद ले सकते थे। गौरतलब है कि भारत में हजारों किलोमीटर की तटरेखा है, लेकिन इसके बावजूद हम कोई दूसरा गोवा नहीं बना पाए हैं। ये उन दिनों की बात है, जब गोवा जैसे अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन भारतीयों की पहुंच से बाहर होते थे। हवाई यात्राएं महंगी थीं, वीजा पाना कठिन था और अच्छे समुद्र तटस्थलों तक आसान कनेक्टिविटी नहीं थी। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के टूरिज्म-मैप पर भी गोवा एक हिप्पी डेस्टिनेशन के रूप में मौजूद हुआ करता था। लेकिन दुनिया अब बदल गई है। कम लागत वाले कैरियर्स के साथ हवाई यात्रा सस्ती हो गई है। अन्य दक्षिण-पूर्वी डेस्टिनेशन बुनियादी ढांचे, बेहतरीन अनुभव और कनेक्टिविटी के मामले में विकसित हुए हैं। इंटरनेट आ गया है, जिससे टिकटें, होटलें बुक करना और वीजा पाना आसान हो गया। सोशल मीडिया ने लोगों की नई जगहों की खोज करने में मदद की है। दुनिया के दूसरे पर्यटन-स्थलों ने बढ़ती प्रतिस्पर्धा को समझा और कीमतों को कम रखते हुए पर्यटकों के अनुकूल नीतियां बनाईं। लेकिन गोवा और भारत ने अलग तरीके से सोचा। भारत में लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जो कुछ भी अच्छा, शानदार और मजेदार है, उसे अपराध-बोध से भरा होना चाहिए और उस पर नए नियम-कानून और टैक्स लाद देने चाहिए। गोवा के मामले में यह 7,500 रु. (लगभग 89 डॉलर) से अधिक कीमत वाले कमरों पर 28% का भारी-भरकम जीएसटी है। दिल्ली-गोवा और दिल्ली-फुकेट (थाईलैंड) की अगले सप्ताहांत की हवाई टिकटों पर सरसरी नजर डालने से पता चलता है कि उनकी कीमतें लगभग समान हैं। होटलों के साथ भी यही है, उलटे फुकेट में उच्च श्रेणी वाले होटल तो और सस्ते हैं। फुकेट में सड़कें बेहतर हैं, समुद्र नीला है, समुद्र तट साफ हैं, कैब सस्ती हैं, और खाने-पीने के विकल्प अधिक हैं। अकेले थाईलैंड में ऐसे कई और डेस्टिनेशन हैं। इसमें वियतनाम, मलेशिया, श्रीलंका और भारतीयों के पसंदीदा दुबई को भी जोड़ लें। ये सभी स्थान गोवा के समान ही कीमत पर छुट्टियां बिताने का अवसर प्रदान करते हैं, लेकिन बेहतर और अधिक आकर्षक अनुभव के साथ। घरेलू पर्यटक आज भी गोवा की ओर आकर्षित होते हैं। यह अभी भी पुणे, मुंबई या बेंगलुरु के निवासियों के लिए एक अनूठी जगह है, जहां लोग इनोवा में बैठकर कैलंगुट तक ड्राइव कर सकते हैं या ट्रेन भी ले सकते हैं। यही कारण है कि गोवा कभी वीरान नहीं होगा। हालांकि गोवा में उच्च-स्तरीय पर्यटक कम हो रहे हैं। सभी पर्यटक एक जैसे नहीं होते। अगर विरार का कोई पर्यटक रोजाना 500 रु. खर्च करता है, सस्ते गेस्ट हाउस में रहता है और खुदरा दुकानों से बीयर खरीदता है, तो कोई अन्य पर्यटक प्रतिदिन 5,000 या यहां तक कि 20,000 रु. भी खर्च कर करता है। इन उच्च-स्तरीय पर्यटकों के पास विदेशों में बेहतर विकल्प होते हैं, इसलिए उनके लिए गोवा में छुट्टी मनाने का ज्यादा औचित्य नहीं होता। फिर सोशल मीडिया पर विदेश-यात्रा का दिखावा करने की बात ही क्या। टूरिज्म के मामले में हम दुनिया से बेमेल साबित हो रहे हैं। हमें टैक्सी-कार्टेल को समाप्त करना होगा। लोग पांच मिनट में अपने दरवाजे पर कार और ड्राइवर पाने के आदी हो गए हैं, वह भी किफायती दरों पर। हमें लग्जरी रूम जीएसटी को कम करना होगा। अव्वल तो 89 डॉलर का कमरा अब विलासिता की चीज नहीं रह गई है। दूसरे, आप होटल के कमरे पर 28% कर नहीं लगा सकते, जबकि अन्य देशों में दरें बहुत कम हैं। थाईलैंड ने तो पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल वेट को 10% से घटाकर 7% कर दिया था। हम भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते? हमें एक पर्यटक के रूप में सनसेट पॉइंट्स से परे भी सोचना होगा। आज भी भारतीय पर्यटक टूरिज्म को मौज-मस्ती और रिलैक्स होने की चीज नहीं मान पाते हैं। नतीजतन, हम अपने पर्यटन स्थलों को उन अनुभवों को पूरा करने के लिए विकसित नहीं करते। और हां, हमें विदेशियों को भी सहज महसूस कराने की आवश्यकता है, खासकर समुद्र-तटों पर। घूरकर देखना, उचित स्विम-वियर के बिना समुद्र में जाना, कूड़ा फेंकना और तेज आवाज में व्यवहार करना हमारे घरेलू पर्यटकों, खासकर पुरुषों के साथ समस्याएं हैं। भारत में लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जो कुछ भी अच्छा, शानदार और मजेदार है, उसे अपराध-बोध से भरा होना चाहिए और उस पर नए नियम-कानून और टैक्स लाद देने चाहिए। टूरिज्म भी अपवाद नहीं है।

माफ करने का मतलब भूलना नहीं, केवल बिना गुस्से के याद करना है

-एन.रघुरामन

❍ कोई काम नहीं करने के बारे में आपको सबसे ज्यादा क्या पसंद है?' मैं यह सवाल ज्यादातर बेबी बूमर्स (1946 से 1964 के बीच जन्मे लोग) से पूछता रहा हूं। यह पूछने के पीछे कारण यह है कि उपरोक्त अवधि के दौरान पैदा हुए हरेक व्यक्ति को दिसंबर 2024 तक सेवानिवृत्त होना होगा, क्योंकि वे 60 वर्ष के हो जाएंगे। पिछले एक साल से मैं यह अभ्यास कर रहा हूं और उनके द्वारा बताई नकारात्मक बातों को यहां लिखने की जगह नहीं है। सबसे आम चीजें पहचान की क्षति, वित्तीय संकट और ऊब थीं।

बहुत कम ने कहा कि अब जाकर उन्हें बिना किसी निर्धारित कार्य-सप्ताह के कुछ सीखने का मौका मिलेगा। मैं आपको कुछ और सकारात्मक बातों के बारे में बताता हूं। जीवनसाथी के साथ "चेयर-टाइम': क्या आपने कभी अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठकर दो घंटे की कॉफी का आनंद लिया है? अखबार को मास्टहेड से लेकर अंतिम पंक्ति में वहां तक पढ़ा है, जहां लिखा होता है- "मुद्रित और प्रकाशित'? क्या आपने पालतू कुत्ते को अपनी गोद में कूदने दिया है और फिर देखा है कि कैसे वही घर के मुख्य द्वार पर आने वाले आवारा कुत्तों को भगाने के लिए कूदता और दौड़ता है?

आप शादी के बाद कई कारणों से अपने जीवनसाथी से जो बातें नहीं कर पाए, उनके बारे में बात कर सकते हैं। हाथ में कैंची लेकर सूखे पत्तों को छांटने और कैंची की खूबसूरती का आनंद लेने की कोशिश कर सकते हैं! हां, मैंने पाया कि 'सिसेलियर' दुनिया की सबसे खूबसूरत कैंचियों में से एक है और हाल ही में अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान मैंने अपने लिए कुछ कैंची खरीदीं। छोटी- छोटी चीजें करने और नया नॉलेज हासिल करने से बहुत खुशी मिलती है।

उन्हें माफ करना जिन्होंने आपको सबसे ज्यादा दुख पहुंचाया है: इस दुनिया में कोई भाग्यशाली ही होगा, जिसे कभी दुख नहीं पहुंचाया गया हो- चाहे ऑफिस की राजनीति में प्रतिद्वंद्विता के कारण या किसी प्रयोजन के लिए संघर्ष करने के कारण। गहरी सांस लें, अपने प्रति उनके बुरे व्यवहार को याद करें और उन्हें जोर से कहें- "मैंने तुम्हें माफ कर दिया है।' और खुद को स्वस्थ रखने के लिए ईमानदारी से ऐसा करें।

रिवार के लिए सर्वेंट लीडर बनना: सर्वेंट लीडरशिप ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का शब्द है, जिसमें लीडर मैच जीतने के लिए अपने बजाय किसी और को खेलने के लिए चुनता है। अपने बच्चों को अगले पांच सालों में सब कुछ संभालने दें और यात्राओं का आनंद लें। योजनापूर्ण व्यक्ति, एटिट्यूड वाले दोस्त और शानदार सेवानिवृत्त सज्जन बनें! भोजन और नींद में तालमेल लाना : तमाम वर्षों तक हम माता-पिता, फिर शिक्षकों और फिर एचआर द्वारा तय किए कार्यालय के लंच-टाइम के अनुसार खाते रहे हैं। अब से, केवल तभी खाएं, जब आपका शरीर बताए कि उसे भूख लगी है। इसी तरह आपको जागते रहने और कार्यालय की पीपीटी पूरी करने के लिए दो कप कॉफी पीने की जरूरत नहीं है। आप अपने शरीर को जरूरत पड़ने पर पर्याप्त आराम दे सकते हैं।

कोई योजना नहीं, इसलिए कोई चिंता नहीं: चूंकि आपको कंपनी के उत्पादों की अगली तिमाही की बिक्री के लिए कोई योजना बनाने और शाम तक उसे बोर्ड के सामने पेश करने की जरूरत नहीं है, इसलिए आप अपने विचारों को रोक सकते हैं। आप हमेशा कह सकते हैं कि "कुछ समय बाद मिलते हैं', जैसे कि आपके बॉस हमेशा आपसे कहते थे। आप रीडिंग क्लब, कार्ड खेलने वाले ग्रूप आदि में व्यस्त हो सकते हैं और यहां तक कि अपने पालतू जानवर को भी किसी ट्रिप या साधारण सैर पर ले जा सकते हैं।

इन चीजों को करने का सबसे मजेदार हिस्सा यह है कि अगर आप ऐसा नहीं करना चाहें तो आपको इनमें से कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। किसी भी चीज को रद्द करना आपके हाथ में है। फंडा यह है कि दस्तावेजों को अपडेट करना, जिनमें आपके मेल का पासवर्ड जैसी डिजिटल सम्पत्तियां भी शामिल हों, ताकि आपके बाद आपके बच्चे उन तक पहुंच सकें, की सूची बनाना आसान है। लेकिन ज्यादा जरूरी है उन्हें माफ करना जिन्होंने आपको तकलीफ पहुंचाई है, क्योंकि इससे सेवानिवृत्ति के दौरान आपकी आत्मा, शरीर और मन पर मरहम लगता है।

लघुकथा

आलोक कौशिक

दिल वाला टैटू

❒ क्षमा मिश्रा नाम था उसका। लेकिन मोहल्ले के सारे लड़के उसे छमिया कह कर पुकारते थे। महज़ अठारह बरस की उम्र में मोहल्ले में हुई अठाईस झगड़ों का कारण बन चुकी थी वो। उसका कोई भी आशिक़ चार महीने से ज्यादा उसकी फ़रमाइशों को पूरी नहीं कर पाता था। इसलिए प्रत्येक चार महीने बाद क्षमा के दिल के रजिस्टर पर नए आशिक़ का नामांकन होता था। लेकिन जब भी कोई पुराना आशिक़ उसके दिल में रहने की ज़िद या जुरअत करता तो वह अपने पिता से छेड़खानी की झूठी शिकायत कर उसकी बेरहमी से पिटाई करवा देती। क्षमा के पिता पुलिस डिपार्टमेंट में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। मोहल्ले के तक़रीबन सभी लड़के क्षमा के भूतपूर्व आशिक़ों की सूची में स्थान प्राप्त कर चुके थे एवं क्षमा के पिता से पिट भी चुके थे। इस बार क्षमा का नया आशिक़ उसके मोहल्ले का नहीं था। क्षमा के नए प्रेम प्रसंग को अभी दो महीने ही हुए थे कि अचानक क्षमा ने घर से निकलना बंद कर दिया। क़रीब एक महीने तक जब मोहल्ले के लड़कों को क्षमा का दीदार नहीं हुआ तो उन लोगों ने इस संबंध में उसकी छोटी बहन छवि से पूछताछ की, जो क्षमा के प्रत्येक प्रेम प्रसंगों में संदेशवाहक का काम किया करती थी। पहले तो छवि ने कारण बताने से मना कर दिया लेकिन जब लड़कों ने बदले में मोबाइल फ़ोन देने का प्रलोभन दिया तो उसने बताना शुरू किया - "दीदी का नया बॉयफ्रेंड किसी दूसरे शहर का था। उसने दीदी को बताया था कि वह एक कंपनी में मैनेजर है और उसी कंपनी के काम से इस शहर में आया है। वह एक होटल में ठहरा हुआ था। दीदी कभी-कभार उसके साथ शॉपिंग मॉल और पार्क जाया करती थी। एक दिन दीदी के बॉयफ्रेंड ने दीदी को मिलने के लिए होटल आने को कहा। दीदी जब होटल पहुंची तो उसका बॉयफ्रेंड उसे उस कमरे में ले गया जिस कमरे में वह ठहरा हुआ था। थोड़ी देर बाद उसने दीदी को मिनरल वाटर पीने को दिया, जिसे पीते ही दीदी बेहोश हो गई। लगभग दो घंटे बाद जब दीदी को होश आया तो उसने उस कमरे में खुद को अकेला पाया। थोड़ी देर बाद जब दीदी के दाहिने हाथ में दर्द हुआ तो उसने देखा कि उसके हाथ पर दिल वाला टैटू बना हुआ था, जिसमें लिखा था- 'माशूक़ा मोहल्ले की'। होटल के कमरे से निकलने के तुरंत बाद जब दीदी ने अपने बॉयफ्रेंड को फ़ोन लगाया तो उसका फ़ोन स्थाई रूप से बंद बताया। दीदी ने होटल में जब उसके बारे में पूछताछ की तो पता चला कि उसने जो नाम दीदी को बता रखा था उस नाम का कोई भी व्यक्ति उस होटल में ठहरा ही नहीं था। घर आने के बाद दीदी ने रोते हुए मुझसे सारी बातें बताई।

जब यह बात पापा को पता चली तो उन्होंने दीदी को बहुत पीटा। हमलोगों ने टैटू आर्टिस्टों से टैटू को मिटाने के बारे में बात की तो उनलोगों ने बताया कि यह एक खास तरह का परमानेंट टैटू है, जिसे हटाना बहुत ही मुश्किल और जोखिम भरा है। उस टैटू की वज़ह से दीदी बहुत परेशान रहने लगी है, इसलिए अब घर से नहीं निकलती है।" छवि की बातें सुनकर मोहल्ले के लड़के खुश नहीं बल्कि परेशान थे एवं एक दूसरे को शक की नज़रों से देख रहे थे।

बालकथा

आभा यादव

मनीष और नर भक्षी

❒ मनीष की बात सुनकर तान्या सोच में पड़ गया. वह भी यही चाहता था कि बिना परेशानी में पड़े काम बन जाये. काफी देर विचारों में खोये रहने के बाद उसे आशा की एक किरण दिखाई दी. वह गम्भीरता से बोला, "तुम एक बार फिर जादू दिखा दो. जिससे सरदार प्रभाव में आ जाए." "जादू! "मनीष का दिमाग तेजी से चक्कर काटने लगा. "ऐसा जादू नहीं हो सकता कि देवता स्वयं बोलने लगे. "तान्या ने कुछ सोचते हुए कहा. "काम बन गया. "खुशी से तान्या की पीठ ठोकते हुए मनीष ने कहा. एकबार के लिए वह भूल गया कि तान्या उससे बहुत बड़ा है. "कैसे?" तान्या ने उत्सुकता से पूछा. "अब तुम किसी बात की चिंता न करो. अंधेरा होते ही तुम बस्ती से बाहर मिलो. मैं गन्ने के खेत में मिलूंगा.

"मनीष ने समझाया. "ठीक है, अंधेरा होते ही मैं गन्ने के खेत पर पहुंच जाऊँगा. "कहकर तान्या झोंपड़ी से बाहर निकल गया. गन्ने के खेत के पास सरसराहट हुई. मनीष संभल गया तभी सरसराहट के पास चिड़ियों के चहचहाने की आवाज आयी. मनीष गन्ने के खेत से बाहर निकल आया. खेत से सटा हुआ एक साया खड़ा था. खेत से निकलकर मनीष बस्ती से बाहर की ओर चलने लगा. साया उसके साथ था. काफी दूर चलने के बाद मनीष एक स्थान पर रूक गया. यहां पत्थरों का एक ढ़ेर पड़ा था. मनीष ने कुछ पत्थर साये को थमाये कुछ स्वयं उठा लिए.

इसके बाद दोनों देवता की ओर चल दिए. देवता के टीले के पास पहुंच कर मनीष के हाथ तेजी से चलने लगे. देखते ही देखते टीला बीच से खोखला हो गया. इस खोखले भाग में मनीष ने साथ लाए हुए पत्थर भर दिए. कुछ देर में टीला पहले जैसा हो गया. इस काम से निपटकर मनीष ने जेब से छोटी टार्च और पाकेट टेपरिकार्डर निकाला जिसे वह शिकार पर आते समय जानवरों की आवाज टेप करने के लिए साथ लाया था. देखो, यह डिब्बा में तुम्हें दे दूंगा. जब मुझे देवता के पास ले जाया जाये और लोग देवता को नहलायें तभी तुम इस नीचे वाले बटन को दबा देना. "मनीष ने टार्च की रोशनी में टेपरिकार्डर की कार्यविधि समझाते हुए कहा. "ठीक है "ठीक से समझते हुए साए ने कहा. मनीष ने टार्च बुझाकर जेब में रख ली. टेपरिकॉर्डर अब साए के पास था.

साया और मनीष बस्ती की ओर वापस चल दिए. मनीष के आगे मौत घूम गई. उसे अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हो रहा था. कभी तान्या की गद्दारी पर उसका मन नफरत से भर जाता. कभी सामने खड़ी मौत देखकर सिहर जाता. रात तान्या से मिलकर तान्या ने मौत से बचने का रास्ता ढूंढ लिया था. किंतु कल तक जिस तान्या ने उसे मौत से बचने के रास्ते सुझाये थे वही आज उसकी मौत बनकर सामने खड़ा था. मनीष ने एक बार अपने चारों ओर खड़े जंगलियों पर नजर डाली. सातों जगंलियों के हाथ में तीर थे. सभी जंगलियों के तीर मनीष की गर्दन की ओर निशाना साधे हुए थे. तान्या मनीष के ठीक सामने था. मनीष की चारों ओर घूमती निगाहें तान्या पर आकर रूक गई. तान्या की नजरें नीचे झुक गई. देवता के स्नान के लिए चलो. "सरदार ने पंक्ति में खड़े सातों जंगलियों को आज्ञा दी. इनके सिर पर पानी से भरे घड़े थे.

मदरसा शिक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय

कानून के शासन और संवैधानिक मूल्यों को कायम रखना

रेशम फातिमा, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

❒ हाल ही में एक ऐतिहासिक निर्णय में, सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, जिससे कानून के शासन के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को बल मिला। इस निर्णय ने न केवल इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस पहले के निर्णय को खारिज कर दिया, जिसमें अधिनियम को निरस्त कर दिया गया था, बल्कि शिक्षा को विनियमित करने के राज्य के अधिकार के साथ धार्मिक स्वतंत्रता को संतुलित करने में न्यायपालिका की भूमिका की पुष्टि करते हुए एक मिसाल भी कायम की। यह निर्णय भारत के धर्मनिरपेक्ष ढांचे का प्रमाण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी शैक्षणिक संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने वाले मानकों के तहत काम करें। इस निर्णय का मूल कानूनी शासन पर जोर देने में निहित है, जो मुस्लिम समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों को आश्वस्त करता है कि उनके धार्मिक अधिकार संविधान के तहत संरक्षित हैं।

साथ ही, यह नागरिकों को याद दिलाता है कि शैक्षिक मानकों को तेजी से परस्पर जुड़ी और प्रतिस्पर्धी दुनिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। यह निर्णय इस बात पर प्रकाश डालता है कि राज्य सरकारों को धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के संबंध में नियम बनाने का अधिकार है, बशर्ते वे संवैधानिक सिद्धांतों का पालन करें, जिसका उद्देश्य छात्रों को एक संतुलित शिक्षा प्रदान करना है जो उन्हें विविध कैरियर पथों के लिए तैयार करती है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में 2004 के अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करने के बाद आया है, जिसमें निर्देश दिया गया था कि मदरसों के छात्रों को नियमित स्कूलों में दाखिला दिया जाए।

उच्च न्यायालय के फैसले ने विभिन्न समुदाय के नेताओं, राजनीतिक हस्तियों और धार्मिक मौलवियों की प्रतिक्रियाओं की लहर पैदा कर दी, जिनमें से कुछ ने इस निर्णय की निंदा धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में की। हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने अब इस तरह के संदेह को समाप्त कर दिया है, यह रेखांकित करते हुए कि शैक्षिक मानकों को विनियमित करने की राज्य की शक्ति में मदरसे और अन्य धार्मिक संस्थान शामिल हैं। इस फैसले को मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में देखा जाना चाहिए, जो धार्मिक या राजनीतिक हस्तियों द्वारा दिए जाने वाले भड़काऊ बयानों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय भारत की न्यायिक प्रणाली पर भरोसा करने के महत्व पर चिंतन करने के लिए प्रेरित करता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रारंभिक निर्णय पर कुछ नेताओं और मौलवियों की प्रतिक्रियाएँ भावनाओं से प्रेरित थीं, जिसमें न्यायपालिका की मंशा पर सवाल उठाने वाले विरोध प्रदर्शन शामिल थे। मुसलमानों के लिए यह समझना आवश्यक है कि इस तरह की बयानबाजी के आगे झुकना अक्सर समुदाय के वास्तविक हितों को संबोधित करने के बजाय कुछ नेताओं और हस्तियों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करता है। हाल के वर्षों में, हमने ऐसी स्थितियाँ देखी हैं जहाँ प्रभावशाली व्यक्तियों के भावनात्मक रूप से आवेशित बयानों ने सार्वजनिक असंतोष को भड़काया है, जिससे अक्सर रचनात्मक समाधानों पर ध्यान केंद्रित नहीं हो पाता है। छात्रों की शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करने या समुदाय के विकास का समर्थन करने के बजाय, इन प्रतिक्रियाओं ने कभी-कभी ध्रुवीकरण को जन्म दिया है। मुस्लिम समुदाय को सतर्क रहना चाहिए, ऐसे बयानों का गंभीरता से विश्लेषण करना चाहिए और यह पहचानना चाहिए कि वे शिक्षा और सशक्तिकरण पर सार्थक चर्चाओं से ध्यान भटका सकते हैं। केवल राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की चाह रखने वालों का अनुसरण करने के बजाय, समुदाय इस बात पर रचनात्मक संवाद में योगदान दे सकता है कि कैसे मदरसा जैसे धार्मिक संस्थानों में भी शैक्षिक सुधार लंबे समय में छात्रों को लाभान्वित कर सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में इस बात पर जोर दिया गया है कि मदरसा शिक्षा को विनियमित करना इस्लामी शिक्षा या धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला नहीं है। बल्कि, यह मदरसा को व्यापक शैक्षिक मानकों के साथ जोड़ने की दिशा में एक कदम है जो छात्रों को आधुनिक समय की चुनौतियों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस कर सकता है। धर्मनिरपेक्ष विषयों और जीवन कौशल सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यापक अवसरों के द्वार खोलने में मदद करती है, मदरसा में शिक्षित लोगों सहित सभी पृष्ठभूमि के छात्रों को सशक्त बनाती है। इस तरह के सुधार सुनिश्चित करते हैं कि मदरसा के छात्र प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में पीछे न रहें और समाज में सार्थक रूप से जुड़ने के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त करें। भारत का कानून सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, साथ ही पूरे देश की सेवा करने वाले शैक्षिक मानकों की आवश्यकता को भी मान्यता देता है। यह निर्णय मुस्लिम समुदाय को शैक्षिक विनियमन को धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन के बजाय प्रत्येक छात्र की क्षमता को बढ़ाने के देश के प्रयासों के एक हिस्से के रूप में देखने के लिए आमंत्रित करता है। संविधान और न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास के साथ, मुसलमान एक ऐसे भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं जहाँ धार्मिक शिक्षा समकालीन शैक्षिक लक्ष्यों के साथ संघर्ष करने के बजाय पूरक हो।

व्यंग्य

मुश्ताक़ अहमद यूसुफ़ी

❒ आज फिर उनके सम्मान में हज़रत 'रंजूर' अकबराबादी, एडिटर, प्रिंटर, पब्लिशर व प्रूफ़रीडर, त्रैमासिक "नया क्षितिज" ने एक जलपान समारोह आयोजित किया था. जिस दिन से प्रोफ़ेसर क़ाज़ी अब्दुल क़ुद्दूस एम.ए.बी.टी. गोल्ड मेडलिस्ट (मिर्ज़ा कहते हैं कि यह स्वर्ण पदक उन्हें मिडिल में बिला-नाग़ा हाज़िरी पर मिला था) यूनिवर्सिटी की नौकरी से इस्तीफ़ा देने के बाद बैंक ऑफ़ चाकसू लिमिटेड में डायरेक्टर पब्लिक रिलेशंज़ एंड एडवरटाइज़िंग के पद पर धांस दिए गए थे, उनके सम्मान में इस प्रकार के जलपान समारोह, स्वागत समारोह और रात्रिभोज रोज़मर्रा ज़िन्दगी का भाग बल्कि भाग्य बन गए थे। घर पर हलाल कमाई का खाना तो सिर्फ़ बीमारी की हालत में ही ज़हरमार फ़रमाते थे, वर्ना दोनों वक़्त "स्वागती खाना" खाते थे। बैंक की नौकरी प्रोफ़ेसर महोदय के लिए एक अजीब परीक्षण साबित हुई, जिसकी क़ीमत वे हर हाल में महीने की तीस तारीख़ को वसूल कर लेते थे। क्षमा कीजिए, इस रेखाचित्र में हम उन्हें प्रोफ़ेसर ही कहेंगे। बक़ौल मिर्ज़ा, आदमी एक दफ़ा प्रोफ़ेसर हो जाए, तो उम्र भर प्रोफ़ेसर ही कहलाता है, चाहे बाद में समझदारी की बातें ही क्यों न करने लगे। शिक्षा-दीक्षा तो एक नैतिक बहाना थी, वर्ना बक़ौल मौलाना मोहम्मद हुसैन आज़ाद। प्रोफ़ेसर का पेशा तवक्कुल था और बददिमाग़ी से उसे रौनक़ देते थे।" वे किसी के दबैल नहीं थे।

कविता

डॉ.राजेश काळे

एक सियाही ने लोकतंत्र का जो उत्सव मनाया,
हर ऊँगली ने अपने फर्ज का दीप जलाया।
अब नतीजों की बारी है, फैसले की घड़ी,
देखें कौन साथ निभाएगा, कौन बदलेगा कड़ी।
नेताओं की आदत है ऊँगली उठाने की,
आज वक्त हैं जनता को अपनी ऊँगली की ताकत दिखाने की।
जो विश्वास की कसौटी पर खरे उतरें, फिर से उन्हें पाँच सालों के लिए परखने की। काश, एक सियाही जीतने वाले के माथे पर लगती,
जो हर पल उसकी जिम्मेदारी की याद दिलाती।
अमिट रहती, पाँच सालों तक चमकती,
हमारे हक और उम्मीदों की बात सिखाती।
जनता की ऊँगली एक इशारा करती है,
जिसे समझने में शक्ति और दृष्टि लगती है।
सियाही की हर बूंद में बसी है आवाज,
जो गूंजेगी हर गली और हर राज.

यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

❒ आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.



सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.

आलेख

डॉ.दीपक कोहली

सुन्दर फूलों वाला एक वृक्ष

बुरांस रोडोडेंड्रॉन सुन्दर फूलों वाला एक वृक्ष है। बुरांस का पेड़ उत्तराखंड का राज्य वृक्ष है, तथा नेपाल में बुरांस के फूल को राष्ट्रीय फूल घोषित किया गया है। गर्मियों के दिनों में ऊंची पहाड़ियों पर खिलने वाले बुरांस के सूर्ख फूलों से पहाड़ियां भर जाती हैं। हिमाचल प्रदेश में भी यह पैदा होता है। बुरांस हिमालयी क्षेत्रों में 1500 से 3600 मीटर की मध्यम ऊंचाई पर पाया जाने वाला सदाबहार वृक्ष है। बुरांस के पेड़ों पर मार्च-अप्रैल माह में लाल सूर्ख रंग के फूल खिलते हैं। बुरांस के फूलों का इस्तेमाल दवाइयों में किया जाता है, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों को यथावत रखने में बुरांस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बुरांस के फूलों से बना शरबत हृदय-रोगियों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। बुरांस के फूलों की चटनी और शरबत बनाया जाता है, वहीं इसकी लकड़ी का उपयोग कृषि यंत्रों के हैंडल बनाने में किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी वृद्ध लोग बुरांश के मौसम् के समय घरों में बुरांस की चटनी बनवाना नहीं भूलते। बुरांस की चटनी ग्रामीण क्षेत्रों में काफी पसंद की जाती है। भारत विश्व की लगभग 87 प्रजातियां, 10 उप प्रजातियां तथा 14 किस्मों का प्रतिनिधित्व करता है जो कि उच्च हिमालयी राज्यों के जंगलों में अधिक मात्रा में पायी जाती हैं। आज इन्ही हिमालयी क्षेत्रों में बुरांश की कुछ प्रजातियां चीन, जापान, म्यामांर, थाईलैण्ड, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपीन्स तथा न्यू गुनिया आदि देशों तक फैल चुकी है। बुरांश की कुछ प्रजातियां, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, दक्षिणी यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में और इसके अलावा दो प्रजातियां आस्ट्रेलिया में पायी जाती हैं। भारत में पायी जाने वाली कुल 87 प्रजातियों में से 12 प्रजातियां उत्तराखण्ड में पायी जाती हैं जिनमे चार प्रजातियां, रोडोडेंड्रोन बारबेटम, रोडोडेंड्रोन केम्पानुलेटम, रोडोडेंड्रोन एरबोरियम तथा रोडोडेंड्रोन लेपिडोटम प्रमुख हैं। जबकि 75 प्रजातियां अरूणाचल प्रदेश में पायी जाती हैं। बुरांस को सबसे पहले 1650 में ब्रिटिश में उगाया गया था जो बुरांश की एक प्रजाति रोडोडेंड्रोन हिरसुटम थी इसके बाद 1780 में साइबेरिया ने रोडोडेंड्रोन डाउरिकम और 1976 में रोडोडेंड्रोन चिराइसेंथम इसके इतिहास में वर्णित है।

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

यवतमाल में योगनृत्य का डंका

यवतमाल. योगनृत्य परिवार ट्रस्ट मुख्यालय चंद्रपुर के गोपाल मुंधड़ा के मार्गदर्शन में, यवतमाल जिले के वणी में बौद्धघोष विहार क्षेत्र में एक नए योगनृत्य केंद्र का उद्घाटन किया गया उपस्थित गणमान्य अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान के निर्माता महामानव बोधिसत्व परम पूज्य विश्वरत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। किशोरी हिरुडकर द्वारा, योग नृत्य शरीर के लिए कितना आवश्यक है, यह दिमाग का विकास करता है, फिट रखता है, तरोताजा रखता है, काम के प्रति उत्साह पैदा करता है, पाचन में सुधार करता है, पेट साफ करता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, बीमारियों से दूर रखता है, गुलाबी ठंड का फायदा उठाता है, हर सुबह योग नृत्य में आएं। यह योग नि:शुल्क है। लाभ लेने के लिए हार्दिक अपील की गई. सभी ने कक्षाएं लेकर लोगों में जनजागरूकता और उत्साह पैदा किया। केंद्र प्रमुख रविना बंड जितेंद्र सरबेरे और टीम ने केंद्र शुरू करने के लिए अथक प्रयास किया.

मुनगंटीवार ने अपने परिवार के साथ मतदान के अधिकार का किया प्रयोग

चंद्रपुर, सुनील तायडे. राज्य के वन, सांस्कृतिक मामले और चंद्रपुर जिले के संरक्षक मंत्री और बल्लारपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा-महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार सुधीर मुनगंटीवार ने बुधवार 20 नवंबर दोपहर को परिवार के साथ चंद्रपुर के सिटी हाई स्कूल में अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग किया। इस समय पत्नी सपना मुनगंटीवार, दामाद डॉ. तन्मय बिदवई, पुत्री शलाका मुनगंटीवार-बिदवई मौजूद थे. राज्य में आज एक ही चरण में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। इस अवसर पर राज्य के वन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री एवं बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र के इस जश्न में सुधीर मुनगंटीवार भी अपने परिवार के साथ शामिल हुए. महागंठबंधन सरकार ने गरीबों की सेवा की. महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार पर जोर। इसलिए, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा-महायुति गठबंधन रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से चुनाव जीतेगा, उन्होंने अपना विश्वास चंद्रपुर के सिटी हाई स्कूल में मतदान के बाद व्यक्त किया। मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है।

मतदान आपका अधिकार है, लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए इसका प्रयोग करें। मैंने अपने परिवार के साथ मतदान किया है, मैं जनता से अपील करता हूं कि हम सभी को मतदान करना चाहिए।' ये अपील है कि सभी लोग वोट देने के लिए घर से निकलें. बीजेपी-महागठबंधन की जीत तय है राष्ट्रीय गौरव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 'डेवलप इंडिया' बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए लोगों को मतदान के रूप में आहुति देनी चाहिए। अधिक से अधिक मतदान करना चाहिए। हमें विश्वास है कि हम विधानसभा चुनाव की परीक्षा में जरूर सफल होंगे.

राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने वाले सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया

भाजपा प्रत्याशी सुधीर मुनगंटीवार ने मतदान कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने के लिए मतदाताओं को धन्यवाद दिया. लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत किया है. उन्होंने जिले में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के प्रति भी आभार व्यक्त किया है. पालकमंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने भी चुनाव की घोषणा से लेकर मतदान तक जिले में रिपोर्टिंग प्रक्रिया के कुशलतापूर्वक प्रबंधन के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को बधाई दी है और आभार व्यक्त किया है. चंद्रपुर जिले की अच्छी राजनीति की परंपरा को सभी ने बरकरार रखा, इसलिए लोकतंत्र का यह उत्सव चंद्रपुर जिले में संपन्न हो सका. इस पर्व में सबसे बड़ा कारक मतदाता हैं. पालकमंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने लोकतंत्र द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार का प्रयोग कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने वाले सभी लोगों के प्रति विशेष धन्यवाद व्यक्त किया है. पालक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने विश्वास व्यक्त किया है कि मतदाता इस चुनाव में विकास के लिए मतदान करेंगे और निश्चित रूप से भाजपा ग्रैंड अलायंस की जीत होगी।

जिला पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने आज डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर नगर परिषद् प्राथमिक विद्यालय में परिवार सहित मतदान किया...

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने चंद्रपुर विधान सभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को चंद्रपुर के सिटी कन्या विद्यालय के मतदान केंद्र में अपना वोट डाला।

शाम 5 बजे तक जिले में औसत मतदान 64.48 प्रतिशत

चंद्रपुर.

महाराष्ट्र विधानसभा आम चुनाव के लिए 20 नवंबर को चंद्रपुर जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में शाम 5 बजे तक औसतन 64.48 प्रतिशत मतदान हुआ. चूंकि मतदान का समय शाम छह बजे तक है, इसलिए अंतिम आंकड़े देर से आने की संभावना है। 70: राजुरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में शाम 5 बजे तक कुल 2 लाख 13 हजार 358 मतदाताओं (65.59 प्रतिशत) जिनमें से 1 लाख 7 हजार 344 पुरुष मतदाता, 1 लाख 6 हजार 12 महिला मतदाता और 2 अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 71: चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 300 मतदाताओं (53.57 प्रतिशत) ने मतदान किया.

1 लाख 2 हजार 296 पुरुष मतदाता, 98 हजार 4 महिला मतदाता। 72: बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 1 लाख 98 हजार 171 मतदाताओं (63.44 प्रतिशत) ने मतदान किया, जिनमें 98 हजार 179 पुरुष मतदाता, 99 हजार 989 महिला मतदाता और 3 अन्य मतदाता शामिल हैं.

73: ब्रम्हपुरी विधानसभा क्षेत्र में 97 हजार 592 पुरुष, 1 लाख 3 हजार 573 महिला मतदाताओं सहित कुल 2 लाख 1 हजार 165 मतदाताओं (72.97 प्रतिशत) ने मतदान किया।

74: चिमूर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 10 हजार 128 मतदाताओं (74.82 प्रतिशत) ने मतदान किया, 1 लाख 2 हजार 431 पुरुष मतदाता, 1 लाख 7 हजार 697 महिला मतदाता.

जबकि 75: वरोरा विधानसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 84 हजार 825 पुरुष मतदाता, 84 हजार 991 महिला मतदाता और 1 अन्य मतदाता, कुल 1 लाख 69 हजार 817 मतदाताओं (60.21 प्रतिशत) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक कुल 5 लाख 92 हजार 667 पुरुष मतदाता, 6 लाख 266 महिला मतदाता और 6 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया, जिससे कुल 11 लाख 92 हजार 939 मतदाता हो गये. जिले का औसत मतदान प्रतिशत 64.48 है.

चुनाव ड्यूटी पर गई टीमें वापस लौटने लगी हैं, 68-गढ़चिरौली निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी पूरी करने के बाद लौट रहे मतदान अधिकारियों की टीमें

गढ़चिरोली जिले में मतदान पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया

> अंतिम मतदान प्रतिशत देर रात तक स्पष्ट होने की संभावना

गढ़चिरोली.

विधानसभा आम चुनाव के लिए आज गढ़चिरोली जिले के तीनों निर्वाचन क्षेत्रों 67-आरमोरी, 68-गढ़चिरोली और 69-अहेरी में मतदान शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हुआ। सुदूर नक्सल प्रभावित इलाकों के अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर भी वोट देने के लिए नागरिकों की लंबी कतारें लगी रहीं. किसी भी मतदान केंद्र पर कोई अप्रिय घटना नहीं घटी. आज शाम 5 बजे तक जिले में 69.63 फीसदी मतदान हुआ. इसमें 67-शस्त्रागार- 71.26 प्रतिशत, 68-गढ़चिरोली- 69.22 प्रतिशत और 69-अहेरी- 68.43 प्रतिशत दर्ज किया गया है.

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजय दैने ने बताया है कि मतदान का अंतिम प्रतिशत दूरस्थ क्षेत्रों की टीमों से डेटा प्राप्त होने के बाद स्पष्ट होगा। सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार देखकर लग रहा था कि उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया है.

शहरी और ग्रामीण इलाकों में वोट देने के लिए बड़ी संख्या में मतदाता उमड़े. बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई और मतदान केंद्रों पर पानी और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। जिला प्रशासन की ओर से मदद के लिए कर्मचारी नियुक्त किये गये थे. मतदान का समय समाप्त होने के बाद भी कई नागरिक वोट डालने के लिए कतारों में मौजूद थे. ऐसे में कतार में खड़े आखिरी मतदाता से लेकर सभी को टोकन बांटे गए और उनका मतदान संपन्न कराया गया.

लोगों ने हमारे ढाई साल के शासन को भी देखा है

> सीएम शिंदे का बड़ा दावा

मुंबई.

विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई. सभी 288 विधानसभा सीटों पर वोट डाले गए. ऐसे में लोग बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं. इस बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे में मतदान किया. वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का त्योहार है और सभी को भाग लेना चाहिए और वोट देना चाहिए. इससे महाराष्ट्र मजबूत होगा. सीएम शिंदे ने कहा, "लोग 2019 में जो हुआ उसे नहीं भूले हैं, जनादेश महायुति के लिए था, लेकिन महायुति सरकार नहीं बना सकी.

लोगों ने उनके (महा विकास अघाड़ी) 2.5 साल के शासन को देखा है और हमारे 2.5 साल के शासन को भी देखा है. हमने वह

विकास शुरू किया जो उन्होंने रोक दिया था. हमने लड़की बहिन सहित कई योजनाएं शुरू की. महायुति भारी बहुमत से सरकार बनाएगी. अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी 59 सीट पर चुनाव लड़ रही है. एमवीए में शामिल कांग्रेस 101 पर, शिवसेना (यूबीटी) 95 पर और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) 86 सीट पर चुनाव लड़ रही हैं. बहुजन समाज पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सहित छोटी पार्टियां भी चुनाव लड़ रही हैं. बसपा ने 237 और एआईएमआईएम ने 16 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं. इस साल 4,136 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं.

सत्ता बरकरार रखने की कोशिश

इस चुनाव में जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है. वहीं विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को सत्ता में वापसी की उम्मीद है. बता दें सत्तारूढ़ एमवीए में शामिल बीजेपी 149 सीट पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना ने 81 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं.

जीवित व्यक्ति को मृत घोषित किया गया

मुंबई. निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर एक जीवित मतदाता को मृत घोषित करने की घटना हुई। विशेष मतदान के लिए गोवा से आए एंथोनी ब्रिगेंजा को मृत दिखा दिया गया। लेकिन आख़िरकार बहस के बाद उन्हें वोट देने की इजाज़त दे दी गई. यह घटना मुंबादेवी निर्वाचन क्षेत्र में मुंबई सेंट्रल के एक मतदान केंद्र पर हुई । मुंबई सेंट्रल के बीआईटी चाल्ली निवासी एंथोनी ब्रिगेंज़ा जब मतदान केंद्र पर गए तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें वोट देने से रोक दिया। मतदाता सूची के अनुसार उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यह सुनकर ब्रिगेंजा हैरान रह गई. कोई उनकी बात सुनने को तैयार नहीं था.

ब्रिगेंजा ने कहा कि मैं गोवा में रहती हूं। कभी-कभार मुंबई स्थित घर आते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी मैंने मुंबई आकर वोट डाला था. लेकिन इस बार मुझे झटका लगा क्योंकि मुझे मृत घोषित कर दिया गया। आख़िरकार यहां के सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने मेरी मदद की. अपना चुनाव पहचान पत्र और आधार कार्ड दिखाने के बाद चुनाव अधिकारी आश्वस्त हुए.

बारामती में गर्माया माहौल

> फर्जी वोटिंग से हड़कंप

पुणे.

विधानसभा चुनाव की वोटिंग हुई. इस बीच पुणे जिले के बारामती शहर में एक मतदान केंद्र के बाहर उस समय तनाव उत्पन्न हो गया जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार युगेंद्र पवार की मां ने मौजूदा विधायक अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकर्ताओं पर धमकी देने और कदाचार का आरोप लगाया। राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार बारामती सीट से अपने चाचा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ खड़े हैं। युगेंद्र की मां शर्मिला पवार ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के एक कैडर को प्रतिद्वंद्वी गुट के कार्यकर्ताओं ने धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया जब मुझे सूचना मिली तो मैं मौके पर पहुंची और देखा कि उनकी पार्टी (राकांपा) के चुनाव चिह्न वाली कुछ मतदाता पर्चियां वितरित की जा रही हैं और हमारे लोगों को डराया जा रहा था.

और उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग से शिकायत की जायेगी।

इस बीच बारामती में अजित पवार की पार्टी के चुनाव प्रभारी किरण गुजर ने कहा कि शर्मिला पवार चुनाव अधिकारी नहीं हैं और उन्हें मतदान केंद्र के अंदर जाने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा जहां तक हमारी पार्टी के चुनाव चिह्न वाली मतदाता पर्चियों का सवाल है, तो मतदान केंद्र के चुनाव अधिकारी ने आपत्ति क्यों नहीं की। इससे पता चलता है कि जब व्यवस्था निष्पक्ष रूप से काम कर रही है, तो आप व्यवस्था को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। युगेंद्र पवार अजित पवार के भतीजे हैं।

अजित के कार्यकर्ताओं ने दी धमकी

एनसीपी में विभाजन के बाद शरद पवार के साथ ही युगेंद्र का परिवार रहा। जिसके चलते इस बार बारामती से अजित पवार के सामने शरद ने युगेंद्र पवार को टिकट दे दिया है। जिसके चलते इस सीट पर युगेद्र बनाम अजित चुनाव हो गया है। इस सीट पर कांटे की टक्कर मानी जा रही है। गौरतलब है कि सूबे की 288 सीटों पर आज ही मतदान हो रहा है। इसके बाद 23 नवंबर को मतगणा की जाएगी। साथ ही उसी चुनाव परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

जल्द ही चिनाब ब्रिज से गुजरेगी वंदे भारत

जम्मू।

अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन चलने वाली है। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनवरी में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) पर कश्मीर को नई दिल्ली से जोड़ने वाली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे।

अधिकारियों के अनुसार, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जनवरी 2025 से शुरू होकर राष्ट्रीय राजधानी को घाटी से सीधे जोड़ेगी। यह ट्रेन दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज चिनाब रेल ब्रिज से होकर गुजरेगी।

यह ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है और जब इससे बादलों के बीच से वंदे भारत होकर गुजरेगी तो इसकी खूबसूरती का नजारा देखते ही बनेगा। रेलवे ने यूएसबीआरएल परियोजना के 272 किलोमीटर में से

255 किलोमीटर का काम पूरा कर लिया है, जिससे कटरा और रियासी के बीच सिर्फ 17 किलोमीटर का एक छोटा सा हिस्सा दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। जनवरी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अनुसार उद्घाटन होगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस साल दिसंबर तक यह परियोजना पूरी होने की उम्मीद है।" उन्होंने आगे कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। हर एक पहलू की जांच की जानी है और इन सभी चीजों का बड़े पैमाने पर गहन निरीक्षण किया जा रहा है।

अधिकारी और तकनीकी टीमें बार-बार दौरा कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सब कुछ मानक के अनुसार है।

इस परियोजना में बहुत मेहनत की गई है, जो एक बड़ा काम है। एक बार हर पहलू की जांच हो जाने के बाद ही इसके उद्घाटन की तारीख तय की जाएगी।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन आएंगे भारत

नई दिल्ली।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। क्रेमलिन के सूत्रों ने रूसी राष्ट्रपति के भारत दौरे की जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति को भारत आने के लिए आमंत्रित किया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को अगले साल 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया। क्रेमलिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने कहा, "रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत आएंगे। हम तारीखों पर काम कर रहे हैं।" पीएम मोदी पिछले महीने ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के लिए रूस के कजान पहुंचे हुए हैं। सम्मेलन के पहले दिन पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात हुई। राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिक्स में पीएम मोदी का स्वागत हाथ और गले मिलाकर किया। मुलाकात के बाद दोनों देशों के नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के दौरान पीएम मोदी से राष्ट्रपति पुतिन ने कुछ ऐसा कहा जिसकी काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, द्विपक्षीय वार्ता की जब शुरुआत हुई, तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा, 'हमारे संबंध तो इतने पुराने हैं कि मुझे नहीं लगता कि आपको मुझे समझने के लिए किसी अनुवाद की जरूरत है।" रूसी राष्ट्रपति पुतिन जब मुस्कुराते हुए ये बात कही तो पीएम मोदी भी जोर से हंस पड़े।

बिटकॉइन विवाद पर भड़कीं सुप्रिया सुले

मुंबई.

विधानसभा चुनाव से कुछ घंटे पहले पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्र नाथ पाटिल ने शरद पवार गुट की सांसद सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में शामिल होने के आरोप लगाए. वहीं अब इन आरोप को सुप्रिया सुले ने झूठ बताया है. साथ ही उन्होंने बीजेपी के खिलाफ मानहानि का केस करने की भी बात कही है. सुप्रिया सुले ने कहा, बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने जो कहा वो सब झूठ है. आडियो क्लिप में मेरी आवाज नहीं है. एक झूठी आडियो क्लिप है. जांच करा लीजिए. रविन्द्र पाटिल एक आईपीएस आफिसर है. हमारा संबध इस मामले से नहीं है. सुधांशु त्रिवेदी को हमनें क्रिमनल मानहानी का नोटिस दिया है. मैं गौरव मेहता को नहीं जानती हूं. सारे आरोप झूठे हैं. साइबर क्राइम में हमनें आनलाइन

शिकायत की है.

इससे पहले सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "राज्य में मतदान के कुछ घंटों पहले मतदाताओं को गुमराह करने के लिए झूठी सूचना फैलाने के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं. हमने बिटकॉइन के दुरुपयोग के झूठे आरोपों के खिलाफ भारतीय निर्वाचन आयोग और साइबर अपराध विभाग में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है. इसके पीछे की मंशा स्पष्ट है, यह निंदनीय है." दरअसल, पुणे के पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्र नाथ पाटिल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में शामिल हैं. उन्होंने दोनों नेताओं पर चुनाव प्रचार के लिए बिटकॉइन हेरफेर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया. पूर्व आईपीएस अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी डीलिंग से प्राप्त नकदी का उपयोग महाराष्ट्र में वर्तमान चुनाव अभियान में किया जा रहा है.

कैदियों को मिलेगा तीन वर्ष के अंदर न्याय

> केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने दी जानकारी

नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन को संबोधित करते हुए बड़ा दावा किया है. उनका कहना है कि देश में तीन नए कानून लागू होने के बाद से कई बदलाव हुए हैं. इसमें एफआईआर दर्ज होने के बाद से तीन वर्ष के अंदर सुप्रीम कोर्ट से न्याय उपलब्ध होगा. आने वाला दशक भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को दुनिया में सबसे वैज्ञानिक और तेज बनाने वाला है. यही नहीं, आगामी संविधान दिवस यानी 26 नवंबर तक देश की जेलों में ऐसा एक भी कैदी नहीं रहने वाला जो एक तिहाई सजा काट चुका होगा.

राष्ट्रीय रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय एवं पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की ओर से आयोजित इस समारोह में शाह ने कहा कि देश व दुनिया के समक्ष अगले दशक में पांच क्षेत्र- साइबर क्राइम, सीमाओं से होने वाली घुसपैठ, ड्रोन, नारकोटिक्स व डार्क नेट सबसे ज्यादा चुनौती होने वाला है. कानून के रखवालों को कानून से खिलवाड़ तोड़ने वालों से दो कदम आगे रहना होगा. शाह के अनुसार, अंग्रेजों ने 150 वर्ष पहले अपने हिसाब से कानून तैयार किए थे. पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने इन कानूनों में काफी परिवर्तन किया. देश के नागरिकों की सुरक्षा मुहैया करते हुए उनके संवैधानिक हकों को तय करने का काम किया है.

मस्क ने स्टारशिप यान से अंतरिक्ष में भेजा केला

वॉशिंगटन। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की अगुवाई वाली कंपनी स्पेस एक्स ने बुधवार, 20 नवंबर को अपनी छठी स्टारशिप के परीक्षण के दौरान अभूतपूर्व प्रयोग किया, जिसे जान दुनियाभर के लोग दंग हैं। इस स्टारशिप पर स्पेस एक्स ने एक अनोखे अंतरिक्ष यात्री के रूप में केला भेजा है।

केले को स्पेसएक्स के कार्गो में सुरक्षित तरीके से रखा गया था। स्पेसक्राफ्ट ने बुधवार 20 नवंबर की सुबह साउथ टेक्सास में स्पेसएक्स की स्टारबेस से अहम उड़ान भरी। स्टारशिप एक रीयूजेबल भारी रॉकेट है। केले को अंतरिक्ष में भेजने के पीछे पुरानी परंपरा से लेकर भविष्य की वैज्ञानिक और तार्किक सोच और योजना है। फिलहाल उसकी शुरुआती भूमिका शून्य-गुरुत्वाकर्षण संकेतक के रूप में काम करने की है।

मतदान के इंतजार में सूख गई स्याही

> नासिक पोलिंग बूथ पर ईवीएम ने दिया धोखा

नासिक.

महाराष्ट्र के नासिक जिले में बुधवार सुबह मतदान शुरू होते ही एक मतदान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में खराबी आ गई जिसके कारण कुछ मतदाताओं को कुछ समय के लिए इंतजार करना पड़ा। सूत्रों ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर महाराष्ट्र जिले के नांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 'न्यू इंग्लिश स्कूल' में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या-164 पर ईवीएम खराबी की शिकायत आई है। सूत्रों ने बताया कि सुबह सात बजे जैसे ही मतदान शुरू हुआ, केंद्र पर एक ईवीएम ने काम करना बंद कर दिया। इसके कारण कई ऐसे मतदाताओं को केंद्र के बाहर कतार में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा जिनकी उंगलियों पर स्याही का निशान लगाया जा चुका था।

हालांकि, निर्वाचन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कुछ ही समय

बाद समस्या को दूर कर दिया गया। जिलाधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी जलज शर्मा ने बताया, ''ईवीएम में खराबी ज्यादा समय तक नहीं रही। इसके कनेक्शन में कुछ समस्या थी। एक तकनीशियन ने समस्या को दूर कर दिया जिसके बाद मतदान फिर से शुरू हो गया।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक के मतदान का आंकड़ा हुआ. चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक महाराष्ट्र में शाम 5 बजे तक कुल 58.22 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसमें नक्सल प्रभावित गड़चिरोली जिला सबसे आगे है। गड़चिरोली में शाम पांच तक 69.63 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं सबसे कम वोटिंग मुंबई शहर में हुई है। यहां केवल 49.07 फीसदी मतदान ही हुआ है।

50% सरकारी कर्मी करेंगे वर्क फ्रॉम होम

दिल्ली में प्रदूषण को देखते हुए लिया गया बड़ा फैसला

नई दिल्ली।

दिल्ली में प्रदूषण की वजह से हालात खराब हैं। ऐसे में दिल्ली सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ़्तरो में वर्क फ्रॉम होम की नीति लागू करने का फैसला लिया है।

इस फैसले के तहत दिल्ली सरकार के 50% कर्मचारी घर से काम करेंगे। इसके क्रियान्वय के लिए सचिवालय में आज दोपहर 1 बजे अधिकारियों के साथ बैठक होगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा था कि शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए घर से काम करने के उपायों और ऑड-ईवन योजना को लागू करने पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। गोपाल राय ने कहा था कि बच्चे और वरिष्ठ नागरिक सहित लोग सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और हमें इस स्थिति पर गहरा अफसोस है।

बौकशीची नोटीस

सूचना चौकशी (फॉर्म क्रमांक 2) (नमुना A. 2) सार्वजनिक विश्वस्तव्यवस्था नोंदणी कार्यालय, नागपूर विभाग, नागपूर प्रदेश, (सार्वजनिक विश्वस्तव्यवस्था अधिनियम सन १९५० यांचे कलम 41 A) वर्ष 2024 ना अर्ज क्र.282/2024-41 A सार्वजनिक विश्वस्तव्यवस्था मदरसा ताजुलवारा जामे निजामिया संस्था ताजबाद शरीफ, नागपूर एफ-१७५६० (ना.). यांस कलम ४१- अन्वये केलेला अर्ज मो. मतीन निजामी वल्द अहमद मिया... काम ४१- अन्वये भरलेला नमुना यांच्या संबंधात. 1. अझीमुल्ला निजामी वाल्ड अमानुल्ला 2. झियाउर रहमान निजामी वाल्ड अमिनुर रहमान 3. सय्यद बशरुद्दीन निजामी वल्द निझामुद्दीन कलम १८ अन्वये नोंदणीसाठी ज्याअर्थी खालों सही करणार यांजकडून वरील सार्वजनिक विश्वस्तव्यवस्थेसंबंधात कलम ४१- अन्वये नोंदी दाखल करण्यासाठीचौकशी करण्यात येणार आहे. त्याअर्थी तुम्हास ही नोटीस देण्यात येत आहे आणि फर्माविण्यात येत आहे की, तुम्ही जातीने किंवा मान्यता दिलेल्या प्रतिनिधीमार्फत किंवा योग्य रीतीने सुचना दिलेल्या वकीलामार्फत, खाली सही करणार यांचेसमोर वर दिलेल्या पत्यावर तारीख माहे २०.११.२०२४ रोजी सकाळी ११.०० वाजता वरील बाबींचा अखेरचा निकाल करण्यासाठी ठरविलेल्या सुनावणीस हजर रहावे आणि चौकशी संबधीच्या सर्व महत्वाच्या प्रश्नांची उत्तरे द्यावीत आणि त्यासंबंधीचा तोंडी व दस्तऐवजाच्या रूपातील सर्व पुरावा सादर करावा. वर निर्दिष्ट केलेल्या जागी व वेळी हजर राहण्यात तुम्ही कसुर केल्यास, तुमच्या गैरहजेरीत सदरहू चौकशी होईल, तिचे कामकाज बालविण्यात येईल आणि तिचा निकाल करण्यात येईल अशी तुम्हास नोटीस देण्यात येत आहे. दिनांक.. १६.१०.२०२४ रोजी माझ्या सहीनिशी व सहाय्यक धर्मादाय आयुक्तांच्या नागपुर शिक्क्यानिशी दिली.

Acc 1, 10599, 2024 18-10-24

16-10-24 अधीक्षक,
सार्वजनिक न्यास नोंदणी कार्यालय,
नागपूर विभाग, नागपुर

आज का राशिफल

मेष- जातकों के लिए कल दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा. आपको अपने घरेलू कामों पर पूरा ध्यान देना होगा.

वृषभ- जातको के लिए दिन आनंदमय रहने वाला है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप अपने बेफिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं.

मिथुन- जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा.

कर्क- दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे और किसी से यदि कोई कर्जा लिया था, तो उसे भी उतारने में सफल रहेंगे.

सिंह- शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा. यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें.

कन्या- जातकों के लिए दिन रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा. आपकी कला कौशल में सुधार आएगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा.

तुला- आज दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

वृश्चिक- आज कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. बच्चों के साथ आप समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

धनु- जातकों की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें. यदि आपने धन संचय करने का सोचा था

मकर- जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको पारिवारिक मुद्दों में ढील देने से बचना होगा.

कुंभ- आज दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से चल रहा था, तो उसमें भी काफी हद तक राहत मिलेगी.

मीन- आज दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा. साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा.

महाविकास आघाड़ी ने खेल किया है

मुंबई.

विधानसभा चुनाव 2024 के बीच बारामती सांसद और एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले के साथ-साथ महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर पुणे के पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्रनाथ पाटील ने बिटकॉइन घोटाले का गंभीर आरोप लगाया है. इसके बाद से प्रदेश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया. इस बीच राज्य सभा सांसद रामदास अठावले की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा, सुप्रिया सुले और नाना पटोले के इस मामले की जांच होनी चाहिए. भारतीय जनता पार्टी के महासचिव और वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े पर वोट के बदले कैश बांटने के आरोप पर अठावले ने कहा, "विनोद तावड़े के साथ महा विकास अघाड़ी ने खेल किया है. तावड़े को बदनाम करने की कोशिश हो रही है. चुनाव आयोग को इसकी जांच करना चाहिए." इसके अलावा रामदास अठावले ने दावा किया कि महायुति को 165 से 170 के बीच सीट मिलेगी.

उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की है साथ ही कहा कि कम से कम 80 से 90 प्रतिशत मतदान होना चाहिए. आगे उन्होंने कहा, मैं चुनाव

आयोग पत्र लिखने वाला हूं कि 500 लोगों का एक बूथ होना चाहिए. पूर्व अधिकारी पाटिल ने आरोप लगाया कि बिटकॉइन से कैश का उपयोग महाराष्ट्र में वर्तमान चुनावी कैंपेन में किया गया. उन्होंने पूरे घोटाले का ब्यौरा साझा करते हुए बताया कि साल 2018 के बिटकॉइन क्रिप्टो करेंसी घोटाले में फॉरेंसिक ऑडिट के लिए मेरी कंपनी केपीएमजी को अपॉइंट किया था. उसको मैंने लीड किया था. उन्होंने कहा कि साल 2022 में मुझे उसी केस के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था. मैंने 14 महीने जेल में बिताए. इस दौरान वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि उन्हें क्यों फंसाया गया. उन्होंने और उनके सहयोगियों ने तथ्यों तक पहुंचने के लिए काम करना जारी रखा. आखिरकार, उन्हें चौंकाने वाले तथ्य मिले. दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले बहुजन विकास अघाड़ी ने बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तवाड़े पर संगीन आरोप लगाए.

लोगों से मतदान करने की अपील की

बहुजन विकास आघाड़ी के विधायक क्षितिज ठाकुर और उनके कार्यकर्ताओं का आरोप है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले विनोद तावड़े पैसे बांटने आए थे. इसके बाद विनोद तावड़े को पालघर के नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने घेर लिया और जमकर हंगामा किया. हालांकि, बीजेपी के दिग्गज नेता तावड़े ने उनके इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है.

हैदराबाद बनेगा भाग्यनगर!

> आरएसएस ने तेज की मुहिम

हैदराबाद.

शहर का नाम बदलकर भाग्यनगर रखने की मांग को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का रुख और अधिक स्पष्ट हो गया है। आरएसएस ने इस बदलाव को भारत की सांस्कृतिक पहचान की पुनर्स्थापना का हिस्सा बताया है। संघ की सांस्कृतिक इकाई प्रज्ञा प्रवाह द्वारा आयोजित चार दिन तक चलने वाला लोकमंथन कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी पहले ही भाग्यनगर नाम की वकालत कर चुके हैं। अब आरएसएस के इस कदम से नाम बदलने की बहस और तेज हो गई है।

प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे.नंदकुमार ने कहा, हमारे लिए यह शहर हमेशा से भाग्यनगर महानगर रहा है और रहेगा। यह नाम शहर के प्रसिद्ध भाग्यलक्ष्मी मंदिर से आया है। यह भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है।" लोकमंथन के सभी निमंत्रण-पत्रों और पोस्टरों में हैदराबाद को भाग्यनगर बताया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी और इसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल होंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, लोकमंथन एक ऐसा मंच है जहां देशभर के कलाकार, बुद्धिजीवी और शिक्षाविद् मिलकर भारत की सांस्कृतिक चुनौतियों पर मंथन करने के लिए पहुंचने वाले। इस बार के आयोजन का विषय है लोकावलोकन है, जो भारतीय परंपराओं और लोकाचारों की गहराई से जांच-पड़ताल करता है।

मध्य रेल्वे

निविदा क्र. NGP/C/152
ई-लिलाव/80/22
तारीख: 19.11.2024

NGP-SLR-24-05/06 SLR युनिट ट्रेन क्र. 22125, 12136, 12290 आणि 22137 प्रारंभ तारीख 05.12.2024 15:00 वाजता / शेवटची तारीख 05.12.2024 16:20 वाजता.

ACM(Cog)/NGP

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है NGP-370

सैय्यद मुश्ताकअली टी20 टूनामेंट विदर्भ का मुकाबला 23 से

नागपुर.

रानाडे टी20 ट्रॉफी में कोच की भूमिका संभालेंगे. वाडकर की कप्तानी में विदर्भ बने रणजी ट्रॉफी के पहले चार मैच जीते और गुजरात के विरुद्ध पहली में पारी में बढ़त हासिल की। वाडकर शानदार फॉर्म में हैं। बीवीसीए की सीनियर चयन समिति कने सोमवार को बैठक की और 17 र सदस्यीय टीम में सीनियर तेज । गेंदबाज उमेश यादव को शामिल किया। टीम में सफेद गेंद के विशेषज्ञ न यश ठाकुर, शुभम दुबे और अपूर्व 5 वानखेड़े को भी स्थान दिया गया है। विदर्भ के सहायक कोच अतुल रानाडे टी-20 ट्रॉफी में कोच की भूमिका संभालेंगे।

चयनकर्ताओं ने सीनियर टीम के कोच उस्मान गनी को आगामी लंबे

सत्र को देखते हुए आराम दिया है।

रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन

उस्मान गनी के मार्गदर्शन में टीम ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है। वीसीए टीम: जितेश शर्मा (कप्तान और विकेटकीपर), अथर्व तायडे (उप-कप्तान), अक्षय वाडकर (विकेटकीपर), उमेश यादव, करुण नायर, अपूर्व वानखेड़े, अमन मोखड़े, दानिश मालेवार, अक्षय कर्णेवार, दर्शन नालकंडे, दीपेश परवानी, यश ठाकुर, पार्थ रेखाड़े, हर्ष दुबे, प्रफुल्ल हिंगे, मंदार महाले, शुभम दुबे। सपोर्ट स्टाफ कोच अतुल रानाडे, एस एंड सी कोच युवराज सिंह दसौंधी, फिजियो: डॉ. नितिन खुराना, वीडियो विश्लेषक : अनिरुद्ध देशपांडे, मैनेजर : जितेंद्र दरभे।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शोएब ने दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन पेंच इस बात पर फंस रहा है कि टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के मूड में नहीं है. ऐसे में 2023 एशिया कप के जैसे हाइब्रिड मॉडल की तरफ देखा जा रहा है. इसी बीच पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि टीम इंडिया का पाकिस्तान आना बीसीसीआई नहीं बल्कि बीजेपी सरकार पर निर्भर करेगा. एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में अख्तर ने कहा, "यह सरकार पर है. इसका बीसीसीआई से कोई लेना-देना नहीं है. यह बीजेपी सरकार पर है. वह तय करेंगे. पर्दे के पीछे बातें होंगी. यहां तक कि युद्ध के दिनों में भी पर्दे के पीछे बातचीत होती रहती है. हमें उम्मीद नहीं खोनी चाहिए. हमें समाधान की तरफ देखना चाहिए. हम इस सच्चाई को जानते हैं कि 95-98 प्रतिशत स्पॉन्सरशिप भारत से आती

है.अख्तर ने आगे कहा, "पाकिस्तान अगर भारत को पाकिस्तान आने के लिए नहीं मना पाता है, तो दो चीजें होंगी. हम 100 मिलियन डॉलर की स्पॉन्सरशिप खो देंगे, जो आईसीसी को जानी है और मेजबान देश को आनी है. दूसरा, यह अच्छा होगा कि इंडिया यहां आकर खेले, लेकिन यह लगभग पूरी तरह से सरकार पर है. इसका बीसीसीआई से कोई लेना देना नहीं है. आगे अख्तर ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की छवी ऐसी है कि वह बड़े टूर्नामेंट नहीं होस्ट कर सकता. अख्तर ने कहा, "पाकिस्तान पर टैग लगा हुआ है कि वह वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सकता. उम्मीद रखते हैं. आखिरी मोमेंट तक इंतजार करते हैं. अगर अभी आप मुझसे पूछेंगे तो मैं कहूंगा कि इंडिया आ रही है.

हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर कुछ साफ नहीं हो पाया है. अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी या नहीं. इसका फैसला शेड्यूल जारी होने के बाद ही होगी.

बारिश के बाद भी नहीं थमा कोहली का अभ्यास

नई दिल्ली.

खुद को विराट कोहली का बनाने का जज्बा हर किसी के अंदर नहीं होता. विराट कोहली हमेशा से ही अपने खेल को लेकर समर्पित रहे. पिता की मृत्यु के बावजूद कोहली ने रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में खेलने का फैसला किया था. अब कोहली का एक और समर्पण सामने आया है, जिसमें बताया गया कि बारिश के बाद भी कोहली अपना अभ्यास रोकने को तैयार नहीं थे. भारतीय टीम इन दिनों बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में मौजूद है. सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से होगी, जिससे पहले टीमें अभ्यास के जरिए तैयारी में लग गई हैं. इसी अभ्यास के दौरान कोहली बारिश के बीच में भी वापस जाने को तैयार नहीं थे.

पत्रकार भरत सुंदरेसन ने सोशल मीडिया के जरिए कोहली के इस समर्पण के बारे में बताया. उनके जरिए एक्स पर की गई पोस्ट में बताया गया कि भारतीय बल्लेबाजों के अभ्यास सत्र के दौरान बारिश ने दखल दिया, लेकिन कोहली बारिश के बाद भी रुकने को तैयार नहीं थे. हालांकि जब बारिश ज्यादा ही तेज हो गई तब कोहली के पास बाकी खिलाड़ियों के

साथ वापस लौटन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा था.

गौर करने वाली बात यह है कि विराट कोहली इन दिनों खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं. उनकी इस खराब फॉर्म के बीच टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भरोसा जताया कि कोहली पर्थ और एडिलेड में शानदार प्रदर्शन करेंगे. स्टार स्पोर्ट्स बात करते हुए दिग्गज गावस्कर ने कहा, "क्योंकि उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रन नहीं बनाए, तो वह बहुत भूखे होंगे. यहां तक कि उस एडिलेड टेस्ट मैच में भी, जहां दूसरी पारी में हम 36 रन पर ऑल आउट हो गए थे, पहली पारी में कोहली ने रन आउट होने से पहले, अगर मुझे सही याद है तो 70 से ज्यादा रन बनाए थे. उन्होंने एडिलेड में लगातार परफॉर्म किया है, इसलिए यह उनके लिए जाना पहचाना मैदान है. उन्होंने आगे कहा, "एडिलेड से पहले पर्थ, जहां उन्होंने 2018-19 में बेहतरीन टेस्ट शतकों में से एक लगाया. शानदार शतक. इन मैदानों पर परफॉर्म करने से उनमें अतिरिक्त आत्मविश्वास महसूस होगा. जाहिर कि आपको शुरुआत में किस्मत की जरूरत होती है, लेकिन अगर उन्हें अच्छी शुरुआत मिल गई तो वह बड़े रन करेंगे.

राफेल नडाल ने टेनिस को कहा अलविदा

नई दिल्ली.

राफेल नडाल ने टेनिस को अलविदा कह दिया. स्पेन के टेनिस स्टार ने डेविड कप में अपने करियर का आखिरी मैच खेला. गौर करने वाली बात यह है कि टेनिस के दिग्गज पिछले ही महीने यानी अक्टूबर में संन्यास का एलान कर चुके थे. उन्होंने डेविस कप में अपना आखिरी मुकाबला खेलने की बात कही थी. डेविड कप में नडाल ने मंगलवार को नीदरलैंड्स के बोटिक वान डी जैडस्चुल्प के खिलाफ आखिरी मैच खेला. मुकाबले में नडाल को बोटिक वान डी ने सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया. मुकाबले के दूसरे सेट में नडाल ने वापसी की, लेकिन अंततः उन्हें हार का सामना करना पड़ा. 38 साल के नडाल 22 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स टाइटल्स के साथ रिटायर हुए. इसके अलावा भी उन्होंने टेनिस में तमाम उपलब्धियां हासिल कीं.

करियर का समापन करते वक्त नडाल ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें उनकी एथलेटिक और निजी क्वालिटी दोनों के लिए याद किया जाए.

नडाल ने कहा, "मैं मन की शांति के साथ जा रहा हूं कि मैंने एक विरासत छोड़ी है, जो मुझे लगता है कि यह सिर्फ खेल की नहीं बल्कि व्यक्तिगत विरासत है. नडाल ने आगे कहा, "टाइटल्स, नंबर्स वहां हैं.

भारतीय टीम ने पर्थ स्टेडियम में किया अभ्यास

नई दिल्ली.

भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 से होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व पर्थ स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। भारतीय टीम का ट्रेनिंग सत्र में ध्यान फील्डिंग पर केंद्रित था। फील्डिंग कोच टी. दिलीप के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने स्लिप कैचिंग का अभ्यास किया जो ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान विराट कोहली, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल ने स्लिप में कैच पकड़ने का अभ्यास किया।

कोहली ने काफी देर तक अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने शानदार कैच पकड़ी, जबकि पडिक्कल ने एक हाथ से कैच लपका। हालांकि, मौसम ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को प्रभावित किया, लेकिन जैसे ही इसमें सुधार हुआ खिलाड़ी दोबारा अभ्यास के लिए मैदान पर उतरे। अभ्यास के दौरान फील्डिंग ड्रिल्स, वॉर्म-अप किए गए, जबकि कोहली की अगुआई में खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेलने का आनंद भी उठाया।

नेट पर बल्लेबाजी के दौरान केएल राहुल और यशस्वी ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों को छोड़ते दिखाई दिए। नई गेंद का सामना करने के दौरान ऐसी गेंदों को छोड़ना महत्वपूर्ण है। कोहली और पडिक्कल ने बैकफुट स्ट्रोक खेलने पर ध्यान केंद्रित किया। कोहली ने इस दौरान शानदार कवर ड्राइव भी खेला। निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ध्रुव जुरेल ने अपर कट और आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। वह छठे नंबर के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं।

इस बीच, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपना समय बल्लेबाजी करने के साथ ही पिच का निरीक्षण करने पर बिताया। उनका ध्यान अपनी ऑलराउंड जिम्मेदारियों को पूरा करने पर है। माना जा रहा है कि नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। वह अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप के साथ चर्चा करते दिखे। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और सुब्रतो बनर्जी ने ट्रेनिंग सत्र के गौर से देखा। उनका ध्यान टीम संयोजन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर था। पहले मैच के लिए प्लेइंग-11 चुनने को लेकर उनके इनपुट काफी महत्वपूर्ण होंगे। पहले टेस्ट मैच को शुरू होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है और भारतीय टीम तैयारियों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। अभ्यास के दौरान यह साफ देखने को मिला कि टीम ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुकूल ही ट्रेनिंग कर रही है।

ऋषभ पंत ने सुनील गावस्कर को दिया जवाब

नई दिल्ली.

ऋषभ पंत ने महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के इस आकलन को खारिज किया कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी से पहले अपनी रिटेंशन फीस को लेकर मतभेद के कारण दिल्ली कैपिटल्स टीम छोड़ी ।

भयावह कार दुर्घटना के बाद पिछले साल वापसी करके पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी । वह उन मारकी खिलाड़ियों में से है जिन्हें टीम ने अपने पास नहीं रखा है । सउदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में पंत पर नजरें रहेंगी ।पंत ने एक्स पर लिखा ,'' मेरा रिटेंशन पैसे को लेकर नहीं था । यह मैं दावे से कह सकता

हूं ।'' गावस्कर ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि दिल्ली टीम पंत को फिर खरीदेगी । उन्होंने यह भी कहा था कि शायद फ्रेंचाइजी के साथ फीस को लेकर मतभेद के कारण पंत ने टीम छोड़ी । गावस्कर ने स्टार स्पोटर्स से कहा ,'' नीलामी के समीकरण अलग होते हैं । हमें नहीं पता कि यह कैसे होगी । लेकिन मेरा मानना है कि दिल्ली टीम फिर ऋषभ पंत को खरीदना चाहेगी ।

आपकी वजह से टेनिस का अधिक लुत्फ उठा सका

नई दिल्ली.

टेनिस के सबसे महान खिलाड़ियों में शामिल रोजर फेडरर ने कहा कि 15 वर्षों में 40 मैचों तक चली प्रतिद्वंद्विता के दौरान राफेल नडाल ने उन्हें इस खेल का 'और अधिक लुत्फ' उठाने में मदद की। डेविस कप के अंतिम आठ मुकाबले के शुरू होने से पहले फेडरर ने सोशल मीडिया पर लिखा, '' जब आप टेनिस को अलविदा कहने के लिए तैयार हैं तो भावुक होने से पहले कुछ चीजें साझा करना चाहता हूं। नडाल पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह

डेविस कप के इस सत्र के बाद खेल से संन्यास ले लेंगे।स्विट्जरलैंड के 43 साल के फेडरर उस वक्त शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी थे जब नडाल ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस में प्रभुत्व बनाना शुरू किया था। नडाल ने 2006 फ्रेंच ओपन के फाइनल में फेडरर को हराकर ग्रैंड स्लैम फाइनल में उनके जीत के 7-0 के रिकॉर्ड को चुनौती दी थी। स्पेन के इस 38 साल के खिलाड़ी ने इसके बाद पेरिस में इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीन बार फेडरर को हराया। उन्होंने 2008 में विम्बलडन फाइनल में भी फेडरर को हराकर लगातार छठी बार इस खिताब को जीतने के उनके सपने को तोड़ा था। ग्रैंडस्लैम मैचों में नडाल ने 14 मुकाबले में 10 बार फेडरर को हराया जिसमें दोनों के बीच नौ खिताबी मुकाबले शामिल हैं। नडाल फेडरर के खिलाफ छह बार फाइनल जीतने में सफल रहे। इन दोनों ने नोवाक जोकोविच के साथ पुरुष टेनिस के 'बिग थ्री' बनाने में मदद की। जोकोविच 37 साल की उम्र में भी सक्रिय हैं.

पुजारा की तरह लंबी पारी खेलना चाहते हैं लाबुशेन

नई दिल्ली.

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन भारतीय तेज आक्रमण को थकाने के लिए लंबी पारी खेलना चाहते हैं जिस तरह से पिछली दो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में चेतेश्वर पुजारा ने खेली थी। पुजारा ने 2018-19 में चार टेस्ट की सात पारियों में 1258 गेंदें खेलकर तीन शतक जमाए थे। वह भारत की जीत के सूत्रधारों में से एक थे। उन्होंने 2020-21 की सीरीज में 928 गेंदें खेली जो सीरीज में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक थी और इस बार भी उन्होंने जीत में अहम योगदान दिया था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड इस बात से खुश हैं कि इस साल पुजारा टीम

इंडिया में नहीं हैं और उन्हें पुजारा को गेंदबाजी नहीं करनी पड़ेगी।

लाबुशेन ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा, 'यह सीरीज हम सभी के लिए अहम है। लंबे समय तक टिककर खेलने पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। हम समझते हैं कि दूसरे और तीसरे स्पेल के लिए उन्हें फिर गेंदबाजी कराने और दबाव में लाने की क्या अहमियत है। पांच मैचों की सीरीज में यह बहुत जरूरी है क्योंकि तीसरे, चौथे, पांचवें मैच में अगर वे समान टीम उतारते हैं तो गेंदबाजों के 100, 150 या 200 ओवर हो चुके होंगे जिससे काफी फर्क पड़ेगा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतीश कुमार रेड्डी तेज आक्रमण का दारोमदार संभालेंगे। तीनों का यह पहला ऑस्ट्रेलिया दौरा है। मध्यम तेज गेंदबाज लाबुशेन ने सोमवार को नेट अभ्यास के दौरान कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को कई बाउंसर डाले। उन्होंने कहा, 'मैने एक बाउंसर डाला और मिचेल स्टार्क ने कहा कि हमारी याददाश्त कमजोर है। फिर मैने दोबारा बाउंउर डाला। बाउंसर फेंकने में काफी मजा आता है।'

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम से चेतेश्वर पुजारा की अनुपस्थिति से उन्हें राहत मिली है। हेजलवुड ने पुजारा के पिछले उदाहरणों को याद किया जब ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने पिछले दौरों में उनकी जुझारू पारियों और विकेटों के लिए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को कड़ी मेहनत करने के लिए मजबूर किया था। 2014 के बाद यह पहला मौका होगा जब पुजारा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का हिस्सा नहीं होंगे। तीसरे नंबर पर पुजारा की जगह शुभमन गिल भी पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में 22 नवंबर को होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया है और यह देखना होगा कि नंबर तीन का महत्वपूर्ण स्थान कौन संभालेगा।

हार्दिक पांड्या, इंग्लैंड के स्टार को पछाड़ बने वर्ल्ड नंबर-1

तिलक वर्मा ने लगाई जबरदस्त छलांग

नई दिल्ली. भारत के प्रतिभावान क्रिकेटर हार्दिक पांड्या अब वर्ल्ड नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट की टी20 इंटरनेशनल की ताजा रैंकिंग में हार्दिक पांड्या नंबर वन ऑलराउंडर बने. उन्होंने इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन को पीछे छोड़ टी20 इंटरनेशनल की ऑलराउंडर की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हार्दिक पांड्या टी20 इंटरनेशनल में पहली बार वर्ल्ड नंबर वन नहीं बने हैं. वह पहले भी इस फॉर्मेट की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर चुके हैं. वह टी20 इंटरनेशनल में टीम इंडिया के प्रमुख खिलाड़ी हैं. हार्दिक गेंद और बल्ले दोनों से शानदार फॉर्म में भी हैं.

इस साल यानी 2024 में टी20 इंटरनेशनल में हार्दिक पांड्या के बल्ले से 352 रन आए हैं. इसके साथ ही उन्होंने इस साल 16 विकेट भी निकाले हैं. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच में हार्दिक ने शानदार गेंदबाजी की थी. इस मैच में हार्दिक ने तीन ओवर में एक मेडन के साथ सिर्फ आठ रन दिए और एक विकेट झटका. टी20 इंटरनेशनल की ताजा रैंकिंग में हार्दिक पांड्या 244 रेटिंग प्वाइंट के साथ पहले नंबर पर हैं. नेपाल के दीपेन्द्र सिंह ऐरी दूसरे स्थान पर हैं. इससे पहले इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन शीर्ष पर थे, लेकिन अब वह दो नंबर नीचे

खिसक गए हैं. लिविंगस्टोन अब तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं.

आईसीसी की ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस चौथे नंबर पर और श्रीलंका के पूर्व कप्तान वानिंदु हसरंगा पांचवें नंबर पर हैं. स्टोइनिस के पास और ऊपर आने का मौका था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में वह गेंद से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके. तीसरे टी20 में स्टोइनिस से बल्ले से जरूर धमाल मचाया था. इसके बाद अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी छठे नंबर पर हैं, जबकि जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा 7वें स्थान पर काबिज हैं. इसके बाद टी20 इंटरनेशनल के ऑलराउंडरों की रैंकिंग में वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड आठवें नंबर पर आते हैं. इसके बाद 9वें नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्करम और 10वें नंबर पर गेरहार्ड इरास्मस हैं.

सैमसन को भी रैंकिंग में हुआ फायदा

इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में दो शतक बनाने वाले संजू सैमसन टी20 बल्लेबाजों की सूची में 17 स्थान चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए। ट्रिस्टन स्टब्स तीन पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर और हेनरिक क्लासेन छह स्थान ऊपर चढ़कर 59वें स्थान पर पहुंच गए। अन्य बल्लेबाजों में श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कुसाल मेंडिस टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान के फायदे से संयुक्त रूप से 12वें और वेस्टइंडीज के शाई होप 16 स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

कार्तिक की फिल्म से कटा तृप्ति का पत्ता

कार्तिक आर्यन इस वक्त डायरेक्टर्स की पहली पसंद बने हुए हैं. हाल ही में उनकी 'भूल भुलैया 3' आई, जिसने बॉक्स ऑफिस पर काफी पैसे छाप लिए हैं. इस फिल्म में कार्तिक के साथ तृप्ति डिमरी नजर आईं थी. इसी बीच कार्तिक और तृप्ति अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं. दोनों को अनुराग बसु की म्यूजिकल लव स्टोरी के लिए फाइनल किया गया था. नए अपडेट के मुताबिक, तृप्ति डिमरी का पत्ता कट गया है. अनुराग बसु की इस फिल्म में रोमांस के साथ खूब सारा ड्रामा भी देखने को मिलने वाला है. हाल ही में पीपिंग मून पर एक रिपोर्ट छपी. इससे पता लगा कि तृप्ति डिमरी को फिल्म से रिप्लेस करने वाली शरवरी वाघ ही हैं. पहली बार उनकी कार्तिक आर्यन के साथ जोड़ी बन रही है.

तृप्ति डिमरी और कार्तिक आर्यन हाल ही में 'भूल भुलैया 3' में काम करते दिखे थे. फैन्स को यह जोड़ी भी काफी पसंद आई थी. लेकिन अगली फिल्म में साथ नहीं होंगे. इस फैसले के पीछे की वजह डायरेक्टर अनुराग बसु और प्रोड्यूसर भूषण कुमार हैं, जो चीजों को स्विच कर नया डायनामिक बनाना चाहते हैं. शरवरी वाघ को कहानी में नई वाइब देने के लिए जोड़ा गया है.

वोट डालने पहुंचे अक्षय से बुजुर्ग ने की शिकायत

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सुबह से ही वोटिंग की शुरुआत हो गई है. अबतक कई बॉलीवुड सेलेब्स ने वोट डाल दिया है. अक्षय कुमार सुबह-सुबह ही वोटिंग सेंटर पहुंच गए थे, जहां उन्होंने वोट डाला. वो सुबह जल्दी उठने के लिए जाने जाते हैं, ऐसे में उन्हें सबसे पहले स्पॉट किया गया. जुहू वोटिंग सेंटर में अक्षय कुमार डैशिंग लुक में दिखे. अब वोटिंग के बाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

इस वीडियो में अक्षय कुमार वोटिंग सेंटर से वोट डालकर निकलते दिख रहे हैं. तभी एक बुजुर्ग उन्हें पीछे से आवाज देकर रोकते हैं और पब्लिक टॉयलेट की शिकायत करने लगते हैं. इस वीडियो पर लोग भी मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं. हालांकि, क्यों बुजुर्ग व्यक्ति ने अक्षय कुमार से पब्लिक टॉयलेट की शिकायत की है?इस वीडियो को इंस्टेंट बॉलीवुड ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. वीडियो में बुजुर्ग व्यक्ति अक्षय कुमार को रोककर कहते हैं- सर आपने जो टॉयलेट बनाया था, वो खराब हो गया है. मैं तीन-चार साल से उसे मेंटेन कर रहा हूं. इस पर अक्षय कुमार ने कहा कि- बीएमसी वालों से बात करते हैं. हालांकि, बुजुर्ग व्यक्ति उन्हें बार-बार बोलते दिखे कि आपने जो डिब्बे लगाए हैं, वो लोहे का है, तो उसपर बहुत पैसा लगाना पड़ता है. आप डिब्बे दीजिए मैं लगा देता हूं. अक्षय कुमार ने शिकायत सुनने के बाद कहा कि- डब्बे मैं दे चुका हूं. अब बीएमसी से बात करनी होगी. दरअसल मुंबई के जुहू बीच पर अक्षय कुमार ने पब्लिक बायो-टॉयलेट बनवाए हैं, जो अब खराब हालत में हैं. एक्टर ने शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे की मदद से इन्हें बनवाया था. इसी को लेकर बुजुर्ग व्यक्ति ने शिकायत दी है. अक्षय कुमार के इस वीडियो पर लोग मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं. पहला यूजर लिखता है कि- जब टॉयलेट 2 मूवी आएगी, उसके बाद ही वो ठीक हो पाएगा. जबकि दूसरा लिखता है- आज तो अक्षय

नयनतारा एक्ट्रेस थी 'जवान' के लिए पहली पसंद

साल 2023 शाहरुख खान के फिल्मी करियर के सबसे बेहतरीन सालों में से एक रहा. दरअसल पिछेल साल किंग खान की तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था. इनमें से सितंबर 2023 में सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज हुई 'जवान' ने तो बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे. साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि नयनतारा इस फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थीं?

बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करने वाली 'जवान' में शाहरुख खान के साथ लीड रोल में एक और साउथ स्टार होता, लेकिन उन्होंने निजी कारणों और अपने एक्स हसबैंड की वजह से ये फिल्म ठुकरा दी थी और फिर नयनतारा को ये फिल्म मिल गई थी.नयनतारा से पहले, 'जवान' में मुख्य भूमिका किसी और को नहीं बल्कि सामंथा रुथ प्रभु को ऑफर की गई थी, लेकिन उस समय, एक्ट्रेस अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान देना चाहती थी और अपने एक्स हसबैंड नागा चैतन्य के साथ फैमिली प्लानिंग कर रही थी इसलिए उन्होंने फिल्म ठुकरा दी. हालांकि, जल्द ही सामंथा रुथ प्रभु के लिए चीजें उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाईं.

20 दिनों बाद बॉक्स ऑफिस पर किसका बज रहा है डंका?

दिवाली 2024 पर दो बड़ी फिल्मों का क्लैश हुआ था. ये इस साल के सबसे बड़े क्लैश में से एक हैं. सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 ने एक-दूसरे को कांटे की टक्कर दी है. दोनों ही फिल्मों ने पहले दिन से शानदार कमाई की थी. अब फिल्म को रिलीज हुए 20 दिन हो गए हैं. 20 दिन बाद कौन-सी फिल्म बाजी मार पाई है आइए आपको बताते हैं. 20 दिन बाद दोनों फिल्मों में मार्जन बहुत ही कम है.

भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन की बात करें तो इसमें पहले हफ्ते अजय देवगन ने बाजी मारी थी. सिंघम अगेन ने पहले हफ्ते में 173 करोड़ की कमाई करके भूल भुलैया 3 को पीछे छोड़ दिया था. भूल भुलैया 3 ने पहले हफ्ते में 158.25 करोड़ की कमाई की थी. जो सिंघम अगेन से 15 करोड़ कम थी.

दोनों फिल्मों के अब बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 ने बाजी मार ली है. 20 दिन में भूल भुलैया 3 ने

235.5 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. वहीं सिंघम अगेन ने 20 दिन में 233.52 करोड़ का कलेक्शन कर पाई है. अब कार्तिक अजय से 2 करोड़ आगे चल रहे हैं.

भूल भुलैया 3 की बात करें तो फिल्म में कार्तिक के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित अहम किरदार निभाती नजर आईं हैं. इसके अलावा राजेश शर्मा, विजय राज, राजपाल यादव और संजय मिश्रा सपोर्टिंग रोल में नजर आए हैं. भूल भुलैया 3 को अनीज बाजमी ने डायरेक्ट किया है. वहीं सिंघम अगेन की बात करें तो इसकी स्टारकास्ट लंबी-चौड़ी थी. फिल्म में अजय के साथ रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ अहम किरदार निभाते नजर आने वाले हैं. इस फिल्म को रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म की कहानी मॉर्डन रामायण

गेम चेंजर जनवरी 2025 में होगी रिलीज

तेलुगु सुपरस्टार राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है. एक्टर ने अपनी इस अपकमिंग फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है. एस शंकर द्वारा निर्देशित फिल्म में रामचरण संग कियारा आडवाणी नजर आएंगीं. फिल्म के पोस्टर्स पहले इसे लेकर फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा चुके हैं. वहीं अब, मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर चुके हैं बता दें कि इस महीने की शुरुआत में, रामचरण ने घोषणा की कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है. इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने फिल्म के सेट पर पहले दिन और शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर भी शेयर की थी. साथ ही अनाउंस किया था कि उन्होंने फिल्म का रैपअप कर लिया है.

बता दें कि गेम चेंजर में रामचरण और कियारा आडवाणी के अलावा अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर जैसे अन्य कलाकारों ने भी अहम रोल प्ले किया है. इस फिल्म राम चरण एक आईएएस अधिकारी, राम मदन की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे. वहीं कियारा आडवाणी ने फिल्म ने उनकी लेडी लव का किरदार निभाया है साथ ही वे एक अन्य साथी आईएएस अधिकारी होंगी. फिल्म का निर्देशन शंकर ने किया है और यह उनकी पहली निर्देशित फिल्म है. फिल्म का स्क्रीनप्ले कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा है. वहीं फिल्म का म्यूजिक थमन ने दिया है.

एक कदम और पीछे हटे विकी कौशल

विकी कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म 'छावा' को लेकर सुपर एक्साइटेड हैं. 6 दिसंबर को फिल्म रिलीज करने की प्लानिंग है, पर पूरा गेम अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' के चलते अटका हुआ है. बीते लंबे समय से ऐसी चर्चा हैं कि मेकर्स फिल्म को पोस्टपोन करने की प्लानिंग कर रहे हैं. हालांकि, अबतक न तो पोस्टपोन की गई है और न ही किसी नई डेट का ऐलान हुआ है. पर 3 नई डेट्स पर चर्चा चल रही है.

फिल्म को रिलीज होने में बस 2 हफ्ते रह गए हैं. पर अबतक कुछ भी क्लियर नहीं है कि पिक्चर को रिलीज किया जाएगा या नहीं. हाल ही में बॉलीवुड हंगामा पर एक रिपोर्ट छपी. इससे पता लगा कि मेकर्स तीन अलग-अलग डेट्स पर नजर रखे हुए हैं. इसमें 20 दिसंबर, 10 जनवरी, 2025 तो पहले से ही मेंशन थी. अब एक खास डेट भी सामने आ गई है.

विकी कौशल 'छावा' की शूटिंग काफी वक्त पहले ही पूरी कर चुके थे. पोस्ट प्रोडक्शन वर्क भी लगभग पूरा होने को है. अब पता लगा कि मेकर्स फरवरी 2025 के दूसरे या तीसरे हफ्ते में फिल्म को ला सकते हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस एक डेट पर मेकर्स की नजर है, वो 19 फरवरी, 2024 है. दरअसल 'छावा' में विकी कौशल छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं. उनके पिता छत्रपति शिवाजी महाराज की 19 फरवरी को जयंती मनाई जाती है.शिवाजी जयंती पर ही 'छावा' को रिलीज करने की प्लानिंग हो रही है. लेकिन अगर इस डेट को कंफर्म किया जाता है, तो मेकर्स को 14 फरवरी और 21 फरवरी में से एक डेट को चुनना होगा. दरअसल 19 फरवरी को बुधवार पड़ रहा है, तो उस दिन फिल्म को रिलीज नहीं किया जाएगा. फिलहाल कुछ भी मेकर्स की तरफ से कंफर्म नहीं किया गया है. देखना होगा फिल्म को कब रिलीज किया जाता है.दरअसल अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. अगले दिन यानी 6 दिसंबर को 'छावा' लाने का ऐलान किया गया था. लेकिन पुष्पाराज से कोई भी पंगा नहीं लेना चाहता. ऐसे में विकी कौशल की 'छावा' कब

'राम का नाम लेकर बनाई है फिल्म'

गुजरात के गोधरा कांड पर बनी विक्रांत मैसी स्टारर 'द साबरमती रिपोर्ट' की देशभर में जमकर तारीफ हो रही है. बड़ी संख्या में दर्शक फिल्म देखने पहुंच रहे हैं. इस बीच प्रोड्यूसर एकता कपूर भी फिल्म देखने पहुंचीं.. एकता कपूर हरियाणा के मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों के साथ फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखेंगी. बातचीत के दौरान एकता कपूर ने कहा, "राम जी का नाम लेकर हमने फिल्म बनाई है, अब उनके ही सहारे हैं. सच्चाई से भरी फिल्म सब लोगों को बहुत पसंद आ रही है. एकता कपूर ने आगे कहा, "फिल्म उस दिन ब्लॉकबस्टर हुई जिस दिन पीएम मोदी ने तारीफ कर ट्वीट किया था. उन्होंने कहा कि मैंने यह फिल्म बनाई थी, क्योंकि मैं चाहती थी कि सच्चाई भरी कहानी फिल्म के जरिए सामने आए और जिन लोगों के साथ नाइंसाफी हुई उन्हें इंसाफ मिले. सभी राज्यों में हमारी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. एकता ने फिल्म के लोकप्रिय डायलॉग का जिक्र करते हुए कहा "झूठ का कितना भी लंबा दौर हो उसे सच ही बदलता है, इंसान हो या देश गिरकर ही संभलता है." इस बीच राज्यों में फिल्म को टैक्स फ्री करने के सवाल पर एकता ने कहा "टैक्स फ्री करने से ज्यादा जरूरी है कि फिल्म को लोग देखें, जितने ज्यादा लोग देखेंगे वो सच्चाई से रूबरू होंगे. इस बीच बता दें कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को टैक्स फ्री कर दिया गया है. फिल्म की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने तारीफ की है. वहीं, अभिनेता विक्रांत मैसी ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. 'द साबरमती रिपोर्ट' साबरमती एक्सप्रेस में आग लगने की घटना पर बनी है. यह घटना 27 फरवरी, 2002 को हुई थी, जिसमें झुलस कर 59 लोगों की मौत हो गई थी.

चैतन्य और शोभिता पर जल्द होगा शादी का बंधन

नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार नागा और शोभिता 4 दिसंबर को शादी करने जा रहे हैं. दोनों की शादी के चर्चे जोरों-शोरों के साथ हो रहे हैं. ऐसे में नागार्जुन अक्किनेनी ने हाल ही में अपनी होने वाली बहू के बारे में कुछ ऐसी बातें कहीं, जो सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. एक इंटरव्यू के दौरान होने वाले ससुर नागार्जुन ने शोभिता धूलिपाला की जमकर तारीफ की है.द न्यू इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक इंटरव्यू में नागार्जुन ने शोभिता धूलिपाला के बारे में अपने पहले इंप्रेशन को लेकर खुलकर बात की. नागार्जुन ने शोभिता की फिल्मों की पसंद और करियर के बारे में बात की और उनकी खूब तारीफ भी की और बताया कि कैसे वह एक ऐसी इंसान हैं जो अपनी शर्तों पर जीती हैं. साउथ सुपरस्टार ने ये भी बताया कि शोभिता उनके बेटे में नागा के जीवन में कितनी खुशियां ले आई हैं.नागार्जुन ने कहा, "वह एक प्यारी और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने वाली लड़की हैं. वह किसी भी तरह की फिल्में या सीरीज कर सकती थी, लेकिन वह तय करती हैं कि उसे अपने करियर के साथ क्या करना है.